संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, रविवार, 30 अप्रैल 2023 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 17  अंक: 117  पृष्ठ: 10    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अखिल भारतीय वैदिक विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया।

# 'डबल इंजन से होगा कर्नाटक में विकास'

## मुझे कांग्रेस वालों ने 91 बार गालियां दीं, ये इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में करते तो खराब हालत नहीं होती: मोदी


**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरू**
**कर्नाटक** में 10 मई को विधानसभा चुनाव होंगे। वोटिंग से 11 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दो दिन के दौरे पर शनिवार को बीदर पहुंचे। उन्होंने तीन सभाएं कीं। सबसे पहले सुबह 11 बजे हुमनाबाद में जनसभा को 36 मिनट संबोधित किया। दूसरी- दोपहर सवा एक बजे विजयपुरा में। यहां वे 27 मिनट बोले। मोदी पौने 3 बजे बेलागावी के कुडाची में 38 मिनट बोले। बीदर में प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे कांग्रेस के लोगों ने 91 बार गालियां दीं। गालियों के शब्दकोष में टाइम खराब करने के बजाय अगर कांग्रेस ने इतनी मेहनत गुड गवर्नेंस में की होती तो इनकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 27 अप्रैल को कलबुर्गी में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री को जहरीले सांप की तरह बताया था। मोदी का इशारा खड़गे पर था। खड़गे ने कहा था कि आप सोच सकते हैं कि यह जहर है या नहीं, लेकिन अगर उसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने माफी मांग ली थी।

**पीएम उम्मीदवार बना, तब बीदर की जनता ने आशीर्वाद दिया था:** प्रधानमंत्री ने 2014 का वाकया याद करते हुए कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि इस विधानसभा चुनाव में मेरी शुरूआत बीदर से हो रही है। बीदर का आशीर्वाद मुझे तब भी मिला था जब मैं प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना था। आज इतनी बड़ी संख्या में यहां आ कर आपने पूरे देश को संदेश दे दिया है कि इस बार, भाजपा सरकार। यह चुनाव कर्नाटक को देश में नंबर-1 राज्य बनाने का चुनाव है।

पीएम ने कहा कि कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए यहां डबल इंजन सरकार का होना बेहद जरूरी है।



### '30 हजार बहनों को हमने 'लखपति दीदी' बनाया'



**पीएम** ने कहा कि जब तक कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार रही उसने गरीबों के घर बनाने की रफ्तार धीमी कर दी। डबल इंजन की सरकार बनने के बाद कर्नाटक में गरीबों को 9 लाख के आस पास पक्के घर मिलना तय हुआ। भाजपा ने बीदर में करीब 30 हजार घर बनाए हैं यानी बीदर की 30 हजार बहनों को हमने 'लखपति दीदी' बनाया है। कांग्रेस को कभी गरीब की तकलीफ समझ ही नहीं आई, इन्होने कभी गरीबी देखी ही नहीं। कांग्रेस वो दल है जो विकास में भी राजनीति करती है, रोड़े अटकाती है।

**हमने बंजारा साथियों को भी विकास से जोड़ा: पीएम**
पीएम ने आगे कहा, करोड़ों माताओं-बहनों के बैंक खाते बीजेपी ने खुलवाए, उसमें सरकारी मदद सीधे पहुंचे यह व्यवस्था बीजेपी ने की।



ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से 365 भारतीय दिल्ली लौटे।

## सूडान से भारत लाए गए 365 भारतीय

**टीम एक्शन इंयिा/नई दिल्ली**
**सूडान** में लड़ाई के बीच से निकाले गए 365 भारतीय दिल्ली लौटे। इन्हें पोर्ट सूडान से पहले सऊदी अरब के जेद्दाह ले जाया गया था। ये सूडान से बचाए गए भारतीयों का छठा बैच है। इसके अलावा शनिवार सुबह 231 भारतीयों के साथ एक और विमान नई दिल्ली पहुंचा था। वहीं, शुक्रवार रात भारतीय वायुसेना ने युद्ध में धधक रहे सूडान की जमीन पर उतरकर अपनी तरह का पहला ऑपरेशन चलाया है।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार
G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
# जन शक्ति
एक सामूहिक सामर्थ्य
का शुभारंभ
भारत की कलात्मक विविधता का उत्सव मनाती एक प्रदर्शनी
संग्रहाध्यक्ष : डॉ. अलका पांडे
'मन की बात' के 100वें संस्करण
के अवसर पर
रविवार, 30 अप्रैल, 2023 । संध्या 6:30 बजे
राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, जयपुर हाउस
इंडिया गेट हेक्सागान, नई दिल्ली
मुख्य अतिथि
अंजलि इला मेनन
प्रख्यात कलाकार
गरिमामयी उपस्थिति
जी. किशन रेड्डी
माननीय केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
मीनाक्षी लेखी
माननीया संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री
कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं।
CBC 09101/13/0004/2324

## अंसारी ब्रदर्स पर भी कसा कानून का शिकंजा!



**टीम एक्शन इंडिया/ लखनऊ/गाजीपुर**
**उत्तर प्रदेश में** 29 अप्रैल, शनिवार का दिन योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। प्रदेश में कभी दहशत का पर्याय रहा माफिया अंसारी ब्रदर्स आज सपरिवार सलाखों के पीछे पहुंच गया। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार के सुशासन और माफिया के खिलाफ प्रभावी पैरवी के चलते वर्षों पुराने गैंगस्टर केस में मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा और पांच लाख का जुमार्ना हुआ है। उसके भाई अफजाल अंसारी को चार साल की सजा और एक लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। सजा सुनाए जाते ही अफजाल अंसारी की सांसदी भी चली गई है। योगी सरकार की कोर्ट में प्रभावी पैरवी का ही नतीजा है कि एक के बाद एक प्रदेश के अपराधियों को सजा मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभालते ही प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया था। इसका परिणाम सामने है कि आज प्रदेश माफिया और अपराधियों से पूरी तरह से भय मुक्त हो गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार में पहली बार इससे पहले भी माफिया मुख्तार को सजा हो चुकी है। मुख्तार का बेटा अब्बास अंसारी पहले ही मनी लॉड्रिंग के केस में सलाखों के पीछे है। मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशा अंसारी, छोटा बेटा उमर अंसारी भी कई मामलों में फंसे हुए हैं और इस समय फरार चल रहे हैं। मुख्तार की बहू निखत अंसारी जेल में है। यह वही बड़े माफिया हैं जो पहले की सरकारों में खुलेआम किसी किंग की तरह जीते थे। अपना अत्याचार प्रदेश की जनता पर बेखौफ होकर करते थे। लोगों के मन मस्तिष्क में एक बोर्ड लग गया था।

**पैरवी का असर**
= एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार को सुनायी 10 साल की सजा, अंसारी ब्रदर्स को 15 साल पुराने गैंगस्टर मामले में सुनायी सजा

उत्तर भारत का प्रमुख मीडिया समूह
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ACTION इंडिया
एक्शन इंडिया
आपका हार्दिक स्वागत करता है



संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह
रविवार, दिनांक 30 अप्रैल 2023 प्रारम्भ : सांय 4.00 बजे
स्थान: "श्री दयानंद खत्री कुटीर" साफियाबाद रोड़, नरेला, दिल्ली-40
सांस्कृतिक कार्यक्रम
सम्मान समारोह
जलपान सांय 4 बजे से
कार्यक्रम संयोजक :
रामा खत्री
ब्यूरो चीफ, बाहरी दिल्ली

# बेरोजगारी और कर्ज को लेकर विपक्ष का गणित कमजोर: मनोहर लाल

## हरियाणा की पौने तीन करोड़ जनता मेरा परिवार है और जनता की समस्याओं का हल करने, भ्रष्टाचार को कम करने के लिए हमने व्यवस्था परिवर्तन के कई काम किए हैं: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले साढ़े 8 साल से वर्तमान राज्य सरकार जन सेवा के भाव से जनता के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हमने दिखाया है कि शासन व्यवस्था में रहते हुए एक राजनेता भी जन सेवा के कार्य कर सकता है, यह हमारे कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में देर रात एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पौने तीन करोड़ जनता मेरा परिवार है और जनता की समस्याओं का हल करने, भ्रष्टाचार को कम करने के लिए हमने व्यवस्था परिवर्तन के कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र बनाया है, जिससे जनता को सभी सुविधाएं घर बैठे ही मिल रही हैं। इसलिए पीपीपी की वास्तविक रूप से परिभाषा परमानेंट प्रोटेक्शन ऑफ पुअर पीपल है। पीपीपी के माध्यम से साढ़े 12 लाख नए राशन कार्ड दिसंबर के महीने में बनाए गए हैं। 2 लाख लोगों ने शिकायत की थी कि उनका गलत राशन कार्ड कट गया है। हमने सर्वे करवाया और लगभग सवा लाख राशन कार्ड दोबारा बना दिए हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी नेता कहते थे कि जब उनकी



सरकार आएगी तो वे पोर्टल बंद कर देंगे, मैरिट वैरिट खत्म कर देंगे। लेकिन वास्तव में आम जन को हमारी सरकार की इन नीतियों से फायदा पहुंच रहा है। इसलिए अब विपक्ष के नेताओं ने भी यह कहना शुरू कर दिया है कि वे जो पोर्टल अच्छे चल रहे हैं, उन्हें ऐसे ही चलने देंगे। इसलिए जनता सब समझ रही है। जनता पिछली सरकारों के कामों को जानती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने ओल्ड पेंशन स्कीम को बंद किया था तो क्यों किया था और आज वे नारे लगा रहे हैं कि ओल्ड पेंशन को लागू करो। केंद्र सरकार ने नई पेंशन योजना को लेकर कमेटी बनाई है, जब कमेटी का निर्णय होगा आएगा तब आगे विचार करेंगे। विपक्ष द्वारा बार बार श्वेत पत्र जारी करने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्वेत पत्र अपने काम करने के लिए कभी नहीं लाया जाता। श्वेत पत्र दूसरे दलों के खिलाफ उनकी

**8 हमारा ऋण सीमा के अंदर ही है। मनोहर लाल ने कहा कि बेरोजगारी के लिए विपक्ष एक प्राईवेट एजेंसी के आंकड़े दिखाता हैं, जिसके आंकड़े सही नहीं हैं**

कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रस्तुत किया जाता है। हमारा बजट का दस्तावेज ही हमारा श्वेत पत्र है।
प्रदेश में बेरोजगारी और सरकार पर कर्ज के आंकड़ों पर विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का गणित बहुत कमजोर है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार जीएसडीपी के 25 प्रतिशत तक कर्ज ले सकती है और हम इस सीमा के अंदर ही हैं। कांग्रेस के समय राज्य की जीएसडीपी 3 लाख करोड़ थी, उसके हिसाब से उन्होंने ऋण लिया हुआ था। लेकिन आज प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है और हमारे प्रयासों से आज जीएसडीपी 10 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। इस जीएसडीपी के अनुसार ही हम ऋण ले रहे हैं। हमारा ऋण सीमा के अंदर ही है। मनोहर लाल ने कहा कि बेरोजगारी के लिए विपक्ष एक प्राईवेट एजेंसी के आंकड़े दिखाता हैं, जिसके आंकड़े सही नहीं हैं। यह संस्था कभी 24, कभी 34 और कभी 37 प्रतिशत बेरोजगारी दशार्ती है। उसके आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र पर एक एक परिवार का डाटा है और इस डाटा में जो बेरोजगार हैं, उन लोगों ने स्वयं घोषित किया है। इसके अनुसार प्रदेश में लगभग 5 -6 प्रतिशत बेरोजगारी है। इसे बेरोजगारी दर को कम करने के लिए भी लगातार रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 से 18 साल तक की आयु का बच्चा भी शिक्षा से वंचित न रहे और वह चाइल्ड लेबर की ओर न जाए, इसके लिए सरकार द्वारा ड्रॉपआउट दर को कम करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल विरोध करने के लिए हमारा विरोध कर रहा है। आज जनता सब जानती है है। जनता को यह भरोसा हो गया कि वह जो भी आरोप लगाते हैं, वे गलत हैं।

### 'सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय लेना है कि एसवाईएल का निर्माण कैसे होगा और कौन बनाएगा'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जल संरक्षण आज वर्तमान समय की जरूरत है। उपलब्ध जल का प्रबंधन और पानी को रिसाइकिल कर उसका पुन: उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में हम बढ़ रहे हैं। एसवाईएल के कारण हमें अपने हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट हरियाणा के हक में फैसला कर चुका है। अभी भी सुप्रीम कोर्ट ने ही निर्णय लेना है कि एसवाईएल का निर्माण कैसे होगा और कौन बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से खराब हुई फसल की गिरदावरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद मई माह में किसानों को पूरा मुआवजा मिल जाएगा। हमने ऐसी व्यवस्था बनाई है, जिसमेंअब किसान ही अपनी फसल के नुकसान की जानकारी स्वयं देता है इसके लिए सुरक्षा की पूर्ति पोर्टल बनाया है। उन्होंने कहा कि ई टेंडरिंग से काम में पारदर्शिता आ रही है और तेजी से काम हो रहे हैं। अब लगभग सभी सरपंच इस पद्धति को अपना रहे हैं और कोई सरपंच इसका विरोध नहीं कर रहा है।

# गीता बिना किसी स्वार्थ के जीने का संदेश देती है: मुख्यमंत्री मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता** बिना किसी स्वार्थ के जीने का संदेश देती है और यह महान संदेश हरियाणा की धरती कुरूक्षेत्र पर दिया गया है जिस पर हमें गर्व है। मुख्यमंत्री ने आज ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन वर्चुअल मोड में जुड़े और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गीता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजित किया जा रहा है और आज महोत्सव का दूसरा दिन हैं जिसमें गीता पर शांति, सौहार्द और भाईचारे पर एक



संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व कि हम भारत के एक छोटे से प्रदेश हरियाणा का हिस्सा हैं जहां पर 5160 साल पूर्व भगवान कृष्ण ने दिया गीता का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि गीता के पहले श्लोक में ही कुरुक्षेत्र को धर्म क्षेत्र की संज्ञा दी गई और इसी धर्म भूमि कुरूक्षेत्र से कृष्ण ने कर्मयोग का संदेश दिया।

# कचरा उठान गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के श्रम मंत्री अनूप धानक ने शनिवार को हिसार जिला के कस्बा उकलाना में नगरपालिका द्वारा संचालित की जाने वाली डोर टू डोर कचरा उठान गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये गाडियां अब हिसार शहर की तर्ज पर उकलाना के घर-घर जाकर कूड़ा करकट इकठ्ठा करेंगी, इससे शहर भी स्वच्छ रहेगा। उन्होंने नगरपालिका के वार्ड नं 1 व 4 में नवनिर्मित सड़कों तथा वार्ड नं 9 में कृष्ण गौशाला चौंक के सौंदर्यकरण कार्यों तथा वार्ड नं 10 में सार्वजनिक शौचालयों का उदघाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने उप-मुख्यमंत्री के सम्मान में गांव बिठमड़ा में 5 मई को

**8 उकलाना में नगरपालिका द्वारा संचालित की जाने वाली डोर टू डोर कचरा उठान गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

आयोजित होने वाले सम्मान समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा उनकी ड्यूटियां लगाई। इस अवसर पर श्रम मंत्री अनूप धानक ने जन समस्याएं भी सुनी और उनके निराकरण की दिशा में मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उकलाना हलके में कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है और विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि आवंटित की हैं।

# 3 लाख की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

**8 तफ्तीश में कार्रवाई करते हुए साइबर ठाणे ने ने विदेशी रिश्तेदार बनकर ठगी करने आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा पुलिस ने बिहार से एक साइबर** अपराधी को गिरफ्तार किया है जो विदेशी रिश्तेदार बनकर कुरुक्षेत्र निवासी पीड़ित के साथ 3 लाख रुपये की ठगी कर रहा था। पीड़ित को जैसे ही ठगी का एहसास हुआ, उसने अपनी शिकायत तुरंत साइबर पोर्टल पर दर्ज करवाई। उक्त केस में कार्रवाई करते हुए स्टेट नोडल साइबर पुलिस स्टेशन, पंचकूला ने केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। तफ्तीश में कार्रवाई करते हुए साइबर ठाणे ने ने विदेशी रिश्तेदार बनकर ठगी करने आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया।

**विदेशी रिश्तेदार बनकर की थी कॉल, खाते से उड़ाए थे 3 लाख रूपए:** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मोडस ऑपरेंडी में रैंडम कालिंग कर ठगी करते है। इसमें पीड़ित को बातों में लेकर विश्वास दिलाते है कि वो उनके विदेश में रहने वाले रिश्तेदार है और किसी मुसीबत में है और उस मुसीबत से बचने के लिए वो रूपए की डिमांड करते है। पीड़ित डरते हुए पैसे उनके दिए हुए खाते में जमा करवा देता है। इस केस में भी ऐसा ही हुआ था। कुरुक्षेत्र निवासी हरदीप सिंह के पास कॉल आई जिसमें साइबर ठग ने खुद को उनका विदेश रहने वाला रिश्तेदार बताया और इमरजेंसी में फंसने के कारण पैसे की डिमांड करने लगा। साइबर ठग की बातों में आकर पीड़ित ने उसे 50,000 और ढाई लाख रुपये करके दो ट्रांसक्शन्स में कुल 3 लाख रूपए भेज दिए। लेकिन थोड़ी देर में जैसे ही ठगी का एहसास हुआ उसने तुरंत अपनी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दी। स्टेट क्राइम ब्रांच चीफ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने केस को सुलझाने की जिम्मेदारी स्टेट नोडल साइबर पुलिस स्टेशन, पंचकूला को दी, जिसपर ये कार्रवाई की गई।

**अलग अलग खाते में ट्रांसफर हुई थी रकम , 15 दिन से टीम लगी थी आरोपी के पीछे:**
प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना पंचकूला प्रबंधक सूरज चावला और सहायक उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने मामले में केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। केस पर काम करते हुए अनुसन्धान अधिकारी ने ठगे हुए रुपयों को ट्रेस किया गया और बैंक से संपर्क कर डिटेल मंगवाई गई। जहाँ से पता चला कि ठगी के 50 हजार रुपये एक बैंक के एक खाते में और ढाई लाख रुपये दूसरे बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हुए है। इसके बाद भी ठग रुके नहीं और बचने के लिए शातिराना तरीके से दोनों बैंकों से रुपये निकाल कर तीसरे अन्य बैंक में ट्रांसफर कर दिए। बैंक में ट्रांसक्शन की डिटेल से तीसरे बैंक तक टीम पहुंची और जानकारी प्राप्त की तो दो आरोपियों अंकुश पासवान पुत्र प्रभु पासवान और मोहम्मद जुबैर पुत्र अब्बास मोहम्मद निवासी बिहार की जानकारी प्राप्त हुई। आरोपियों को पकडने के लिए स्टेट नोडल साइबर पुलिस थाने से टीम बनाई गई जिसमें सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार, कांस्टेबल अनुज, गौरव और अजय शामिल रहे।

# देवेंद्र सिंह बबली ने सुनी आमजन की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/टोहाना**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने टोहाना में नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनकी समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने आज टोहाना के बिढ़ाईखेड़ा में आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही उपस्थित अधिकारियों को समाधान के लिए आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल बनाकर कार्य करें तथा लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निपटान किया जाए।
उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी आमजन की बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं की शिकायतों को संवेदनशील होकर प्राथमिकता के आधार पर हल करें। किसी भी शिकायत को दूर करने में अगर किसी भी प्रकार की समस्या है तो संबंधित व्यक्ति को बुलाकर सही तरीके से समझाएं ताकि वह व्यक्ति अपनी शिकायत का निवारण तय मापदंडो अनुसार करवा सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांग के अनुरूप नई परियोजनाओं के लिए भी प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इन कार्यों को भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को गुणवतापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूरा करें, ताकि समय पर जनता को उनका लाभ मिल सके।

# युवक को वाहन ने चपेट में लिया, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया

**8 राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी और उनके भाई को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया**

है। गांव अच्छेज झज्जर निवासी महाबीर सिंह ने बताया कि वह राई औद्योगिक क्षेत्र की फैक्टरी में नौकरी करता है। उसका छोटा भाई सुनील कुमार (35) भी सोनीपत के गांव राठधना निवासी संजय के ट्रैक्टर पर चालक की नौकरी करता है। वह गांव लिवान में रहते था। उसका भाई सुनील कुमार शुक्रवार देर शाम पैदल ही मामा के घर गांव नांगल खुर्द जा रहो था। जब वह नेशनल हाईवे-44 को पार करने लगे तो तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन सहित भाग गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी और उनके भाई को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल में उनके भाई को मृत घोषित कर दिया।

# इनेलो की परिवर्तन यात्रा का हो रहा है स्वागत: ओपी चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**इनेलो** सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला ने शनिवार को जीटी रोड स्थित रोड धर्मशाला में पार्टी कार्यकताओं की मीटिंग ली, जिससे जिला के चारो हलकों के सीनियर कार्यकताओं ने भाग लिया। मीटिंग में पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश चौटाला ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलवाने को लेकर विपक्षी दल एकजुट हो रहे है और जल्द ही इसके साकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगे। जिस तरह से पूर्व उपप्रधानमंत्री चौ. देवीलाल ने 1989 में विपक्षी दलों को एकजुट



किया था और अब उसी तरह से भाजपा से मुक्ति पाने को लेकर विपक्षी दल एकजुट हो रहे है। चौटाला ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इनेलो विधायक अभय सिंह चौटाला द्वारा प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है, जोकि प्रदेश के हर हलके व विभिन्न गांवों में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से अभय सिंह चौटाला सीधे लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रहे है और प्रदेश में इनेलो की सरकार बनने पर उन समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने कार्यकताओं से आहवान किया कि जो हमारे पुराने कार्यकर्ता किसी वजह से इधर उधर चले गये है, उनको भी अब दोबारा से पार्टी के साथ जोड? का काम करे। बैठक के उपरांत ओमप्रकाश चौटाला सेक्टर 18 में इनेलो नेता राजिंद्र जागलान एडवोकेट के आवास पर पहुंचे और वहां पर राजेंद्र जागलान व उनके परिजनों सहित पार्टी कार्यकताओं ने बुके देकर स्वागत किया। इनेलो नेता राजेंद्र जागलान के आवास पर ही पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला व कार्यकताओं ने लंच किया।
इस अवसर पर पानीपत शहर प्रभारी डा. राजपाल, ग्रामीण हलका प्रधान कुलदीप राठी, वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह भालसी, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रणबीर देशवाल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नांदल डाहर, वरिष्ठ नेता मनोज जोरासी, धर्मबीर पाढ़ा, रामकुमार नंबरदार, महिला जिला प्रधान प्रवीन मलिक, राजेश जट्टीपुर, डा. नवीन नैन भालसी,लखपत रोड व वैभव देशवाल एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालत में नहर में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर** थाना क्षेत्र में पश्चिती यमुना लिंक नहर में गांव महलाना के पास युवक का शव मिला। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को निकालकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर शिनाख्त के लिए शवगृह में रखवाया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जांच अधिकारी तरूण ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव महलाना के पास पश्चिमी यमुना लिंक नहर में युवक का शव पड़ा हुआ है।

**8 जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक के शव पर चोट के निशान नहीं मिले है। युवक के गले में माला व हाथ में को बेंड पहना हुआ है**

सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची। जहां गोताखोर की टीम को बुलाया गया। टीम ने शव को नहर से निकालकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी ने बताया कि मृतक के शव पर चोट के निशान नहीं मिले है। युवक के गले में माला व हाथ में को बेंड पहना हुआ है। विसरा जांच के लिए भेजा गया है।

# कार की चपेट में आने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत-गोहाना** सड़क मार्ग पर गांव बड़वासनी के पास तेज रफ्तार आर्टिका कार ने पैदल रहे दो लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरे की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। रविवार को शवों का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
करनाल के घरौंडा स्थित संजय नगर निवासी यशपाल सिंह (30) व उनके चचेरे भाई बलविंदर सिंह (40) सरिया बांधने का काम करते थे। दोनों भाई फिलहाल गांव

**8 राहगीरों ने बताया कि कार चालक गाड़ी को तेजी से चलाते हुए आ रहा था। हादसे के बाद गाड़ी पलटने लगी**

बड़वासनी के पास स्थित एक निमाणार्धीन फैक्टरी में सरिया बांधने का काम कर रहे थे। वह फैक्टरी में ही रह रहे थे। दोनों भाई शनिवार दोपहर को चाय पीने के लिए फैक्टरी से निकलकर पैदल ही दुकान पर जा रहे थे। जब वह गोहाना रोड पर बड़वासनी गांव से पहले फिलिंग स्टेशन के पास पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दोनों उछल गई और सड़क पर गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल बलविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राहगीरों ने घायल यशपाल को उपचार के लिए गोहाना रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने मृतक के दोस्त के बयान दर्ज कर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। राहगीरों ने बताया कि कार चालक गाड़ी को तेजी से चलाते हुए आ रहा था। हादसे के बाद गाड़ी पलटने लगी। कई बार पलटे खाने के बाद खेत में जाकर सीधी हो गई। उसके बाद गाड़ी चालक भीड़ से निकालकर फरार हो गया।

# चार साल की बच्ची से अश्लीलता करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुरथल** थाना क्षेत्र में चार साल की बच्ची से अश्लीलता करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी किया गया है। जुमार्ना राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए गए है। महिला ने 26 फरवरी, 2022 को मुरथल थाना पुलिस को बताया था कि वह घर में पहली मंजिल पर रहती हैं। वहीं नीचे उनकी सास-ससुर उनके देवर संग रहते है। महिला ने बताया था कि उनकी चार साल

**8 सास-ससुर ने झगड़ा कर उन्हें ही घर से निकाल दिया था। जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी थी**

की बेटी ने उन्हें बताया कि चाचा ने उनके साथ गलत हरकत की है। बेटी ने उसे मामले से अवगत कराया तो उन्होंने सास-ससुर को इसकी जानकारी दी थी। जिस पर उनके सास-ससुर ने झगड़ा कर उन्हें ही घर से निकाल दिया था। जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस को दी थी। पुलिस ने मामले में महिला के देवर के खिलाफ 6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# पुलिस उपायुक्त मुख्यालय वीरेंद्र सांगवान व क्राइम उपायुक्त विजय सिंह सहित 13 कर्मचारी सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**पुलिस** विभाग में तैनात उपायुक्त विरेंद्र व पुलिस उपायुक्त क्राइम विजय सिंह सहित राजपत्रित अधिकारी व दो अराजपत्रित अधिकारियों सहित 13 पुलिस कर्मचारी शनिवार को सेवानिवृत हो गए। पुलिस लाइन स्थित कम्युनिटी सेंटर में रिटायर्ड कर्मचारी व अधिकारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में विभाग में तैनात एसीपी विपिन काद्यान सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। कल्याण शाखा में तैनात निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग के एक राजपत्रित अधिकारी, दो अराजपत्रित अधिकारी व 13

**8 रिटायर्ड कर्मचारी व अधिकारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया है**

अन्य कर्मचारियों सहायक पुलिस उपयुक्त श्री वीरेन्द्र सिंह ने 29 वर्ष तक, निरीक्षक करनेल सिंह ने 34 वर्ष तक, निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने 38 वर्ष तक, उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने 33 वर्ष तक, उप निरीक्षक सतबीर सिंह ने 34 वर्ष तक, उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने 34 वर्ष तक, उप निरीक्षक विजय सिंह ने 33 वर्ष तक, उप निरीक्षक श्री कृष्ण पाल ने 38 वर्ष तक, उप निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने 34 वार्ष तक, उप निरीक्षक जसवंत सिंह ने 34 वर्ष तक, उप निरीक्षक आनंद प्रकाश ने 33 वर्ष तक, उप निरीक्षक जय करण ने 33 वर्ष तक, उप निरीक्षक इन्द्र सेन ने 34 वर्ष तक, उप निरीक्षक धर्मबीर सिंह ने 34 वर्ष तक, मुख्य सिपाही सुमेर सिंह ने 15 वर्ष तक व कुक भगवान पुलिस विभाग को अपनी लम्बी सेवाएं देकर आज सेवानिवृत हुये है। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले पुलिस अधिकारीयों व कर्मचारियों को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सोनीपत वीरेन्द्र सांगवान व पुलिस उपायुक्त क्राइम सोनीपत विजय सिंह द्वारा सम्मान चिन्ह व उपहार देकर भी सम्मानित किया।

# पहलवानों के साथ खड़े हुए सीएम केजरीवाल

## आप लोगों ने देखा होगा कि इन्होंने देश के लिए मेडल जीते थे, पूरी दुनिया देख रही है इनके पीछे तिरंगा था और राष्ट्रगान चल रहा था: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के जंतर मंतर पर चीफ बृजभूषण शरण सिंह और कोच के खिलाफ प्रदर्शन पहलवानों का प्रदर्शन लगातार जारी है। पहलवानों के इस प्रदर्शन को अन्य एथलीट्स के साथ-साथ राजनीति नेताओं का भी समर्थन मिल रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल धरना स्थल पर पहलवानों से मुलाकात करने पहुंचे गए हैं। बताया जा रहा है कि सीएम अरविंद केजरीवाल 3 से 4 बजे के बीच धरना स्थल पर पहलवानों से मुलाकात करने पहुंचे। उनसे पहले कल शाम को दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी पहलवानों से मिलने पहुंची थीं। केजरीवाल ने



धरना प्रदर्शन पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के पहलवान, खिलाड़ी जिन्होंने पूरी दुनिया हमारे देश का नाम रोशन किया था वह पिछले एक हफ्ते से प्रदर्शन कर रहे हैं, क्यों कि उनकी पार्टी (भाजपा) के बड़े नेता ने हमारी खिलाड़ी, बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया।

**'आरोपित को फांसी पर लटका देना चाहिए':** उन्होंने आगे कहा कि वैसे तो देश की किसी भी बेटी के साथ दुर्व्यवहार करने वाले आरोपित को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए या फांसी पर लटका देना चाहिए, लेकिन ये दुख की बात है, क्योंकि यह महिलाएं सामान्य नहीं हैं। इन्होंने अपनी मेहनत से भारत का नाम रोशन किया है। आप लोगों ने देखा होगा कि इन्होंने देश के लिए मेडल जीते थे। पूरी दुनिया देख रही है इनके पीछे तिरंगा था और राष्ट्रगान चल रहा था। अगर उनके साथ किसी व्यक्ति ने दुर्व्यवहार किया है तो उसकी एफआईआर दर्ज कराने के लिए जंतर मंतर पर बैठना पड़ा रहा है। मंत्री आतिशी के साथ-साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज भी जंतर मंतर पहुंचे।

## बृजभूषण के खिलाफ शिकायत करने वालों को सुरक्षा देगी दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत करने वाले सभी सात खिलाड़ियों को सुरक्षा मुहैया कराएगी। इसमें से एक नाबालिग है। दिल्ली पुलिस के अनुसार जल्द ही मामले में शिकायतकर्ताओं का बयान दर्ज




किया जाएगा। इनका आरोप है कि बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलवानों का यौन शोषण किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिन से पहलवान जंतर मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को दो मामलों में सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# श्रद्धा मर्डर: आफताब पर 9 मई को तय होंगे आरोप

## पूनावाला ने बॉडी के 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखे थे, पिता ने मांगे बेटी के अवशेष





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्रद्धा वालकर** मर्डर केस में दिल्ली की साकेत कोर्ट में सुनवाई 9 मई तक टल गई है। शनिवार को मामले में आफताब पूनावाला पर आरोप तय होने वाले थे, लेकिन जजों के छुट्टी पर होने की वजह से इसे टाल दिया गया। अब 9 मई को जज आरोप तय करेंगे। 14 अप्रैल को कोर्ट ने आरोप पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। वहीं, दिल्ली पुलिस को श्रद्धा के पिता विकास को बेटी के अवशेष सौंपने की अपील पर जवाब दाखिल करना था। विकास ने कोर्ट में अपील कर कहा था कि उन्हें श्रद्धा के अवशेष सौंप दिए जाएं, जिससे वे अपनी बेटी का अंतिम संस्कार कर सकें। इस पर स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने कहा था कि दिल्ली पुलिस सुनवाई की अगली तारीख पर श्रद्धा के पिता की अर्जी पर जवाब दाखिल करेगी।

**मई में श्रद्धा की हत्या को हो जाएगा एक साल:** विकास ने श्रद्धा को न्याय न मिलने तक उसका अंतिम संस्कार न करने की कसम खाई थी। उन्होंने मार्च 2023 में कहा था कि मेरी बेटी की हत्या को मई में एक साल पूरा हो जाएगा, लेकिन मैंने अब तक उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है।

आफताब को मौत की सजा मिलने के बाद ही मैं श्रद्धा का अंतिम संस्कार करूंगा। विकास ने बताया था कि मेरी बेटी की शरीर के टुकड़े केस खत्म होने के बाद उन्हें सौंपे जाएंगे, लेकिन मुकदमा कब खत्म होगा और कब मैं अपनी बेटी का अंतिम संस्कार कब कर सकूंगा यह अभी भी एक सवाल है। उधर, दिल्ली के जिस घर में श्रद्धा की हत्या की गई थी। उस घर के मालिक ने कोर्ट से घर पर लगी सील हटाने की मांग की थी। कोर्ट ने इसके लिए वकील को आवेदन देने के लिए कहा था।

### आफताब मांस को सुरक्षित रखना जानता था

**मामले** की सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में बताया था कि आरोपी आफताब अमीन एक ट्रेंड शेफ है, इसलिए उसे पता है कि मांस को सुरक्षित कैसे रखें। पुलिस ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि आफताब ने एक फाइव स्टार होटल में शेफ के तौर पर काम किया है। श्रद्धा का मर्डर करने के बाद आफताब ने सूखी बर्फ और अगरबत्ती मंगवाई थी।

**12 नवंबर को हुई थी आफताब की गिरफ्तारी:** आफताब पर आरोप है कि उसने मई 2022 में अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या की। बाद में उसके शरीर के 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखे। फिर उन्हें जंगल में फेंक दिया। दिल्ली पुलिस ने 12 नवंबर 2022 को उसे गिरफ्तार किया था। 24 जनवरी को पुलिस ने इस मामले में आफताब के खिलाफ 6,629 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी।

# केजरीवाल के बंगला विवाद में एलजी की कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के रेनोवेशन में हुई कथित अनियमितताओं से जुड़ी मीडियो रिपोर्ट्स का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से 15 दिनों में रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली एलजी ने मुख्यमंत्री के आवास के नवीनीकरण के दौरान की गई कथित घोर अनियमितताओं से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स का संज्ञान लेकर मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, मुख्य सचिव को मामले से संबंधित सभी रिकॉर्ड को तुरंत सुरक्षित करने और सुरक्षात्मक हिरासत में लेने का निर्देश दिया। इसके बाद अभिलेखों की जांच के बाद 15 दिनों के भीतर मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# 'कोरोना योद्धाओं की मदद के लिए सरकार हमेशा तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सरकार** में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल सरकार कोरोना योद्धाओं के साथ खड़ी रही है। सरकार ने हर संभव इनकी मदद की है और आगे भी करती रहेगी। सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान कोरोना की चपेट में आकर जान गंवाने वाली कोरोना योद्धा स्वर्गीय सतिंदर हंस के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें दिल्ली सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच जनता की सेवा के लिए डॉक्टरों, नर्सों, और कर्मचारियों ने परिजनों से दूर



रहकर मरीजों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवाएं दी। कई कोरोना योद्धाओं ने मानवता और समाज की सेवा करते हुए अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दिया। हम दिल से उनकी मेहनत और महामारी से जंग लड़ने के उनके जज्बे को सलाम करते हैं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सेवा करते हुए कोविड की चपेट में आकर जान गंवाने वाले दिल्ली के कई कोरोना योद्धाओं के परिजनों को केजरीवाल सरकार एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दे चुकी है। आगे भी मदद के लिए दिल्ली सरकार हमेशा उनके साथ

### आर्थिक मदद

= **स्वर्गीय सतिंदर हंस के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें दिल्ली सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा**

खड़ी रहेगी। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि विरेंद्र नगर निवासी स्वर्गीय सतिंदर हंस दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल (दुर्घटना विभाग) में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पद पर तैनात थीं। अस्पताल में लोगों की सेवा करते हुए वे कोरोना संक्रमित हो गई और उनका स्वर्गवास हो गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि परिवार को हुए नुकसान की भरपाई ना कर पाए।



लाजपत नगर चाइल्ड केयर होम में कमियाँ पाने पर महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को लगाई फटकार,कहा बच्चों के मामले में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त।

# काला जठेड़ी गैंग से हैं, 50 लाख दे दो...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में 50 लाख की फिरौती नहीं देने पर बदमाशों ने डराने के लिए नरेला के प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोलीबारी की थी। गोलीबारी में प्रॉपर्टी डीलर और उसका पार्टनर घायल हो गए थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि गैंगस्टर काला जठेड़ी गैंग के बदमाश प्रॉपर्टी डीलर को लगातार फोन कर पैसों की मांग कर रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है जिसके जरिये पुलिस तीन हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। घायल प्रॉपर्टी डीलर की पहचान सोनीपत के नहारी गांव निवासी विकास दहिया और पार्टनर की पहचान अलीपुर निवासी वीर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में विकास ने बताया कि लामपुर के गैस गोदाम के पास उसका हरि ओम प्रॉपर्टी नाम से कार्यालय है। वह दिल्ली और हरियाणा की प्रॉपर्टी खरीदता है। उसने बताया कि 17 अप्रैल को वह कार्यालय में अपने गांव के एक परिचित के साथ बैठा था। इसी दौरान एक अनजान विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने दावा किया कि वह काला जठेड़ी गैंग का बदमाश अक्षय पालडा बोल रहा है। उसने धमकी देते हुए कहा कि दो-तीन दिन में 50 लाख रुपये नहीं दिए तो जान से मार देंगे। विकास ने कोई जवाब दिए बिना फोन काट दिया और नंबर ब्लॉक कर दिया। 24 अप्रैल को दूसरे नंबर से कॉल आई, जिसको विकास ने नहीं उठाया। उसके बाद उसी नंबर से वॉयस मैसेज आया, जिसमें एक व्यक्ति पैसे नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था।

## युवा पर्यटन क्लब करेंगे मन की बात की 100वीं कड़ी का प्रसारण

**नई दिल्ली।** पर्यटन मंत्रालय मन की बात की 100वीं कड़ी के मौके पर युवा पर्यटन क्लबों के माध्यम से "मन की बात की 100 कड़ी – 100 दिनों की कार्रवाई" की एक विशेष पहल शुरू करने जा रहा है। इसके साथ युवा पर्यटन क्लबों में रविवार को 'मन की बात' की 100वीं कड़ी का प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समय-समय पर 'मन की बात' में पर्यटन का उल्लेख किया गया है।

# दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बादलों का डेरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बारिश** की वजह से पिछले कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर का मौसम काफी सुहाना है। सुबह से ही एनसीआर में मौसम का रुख बदला-बदला सा है। यहां काले बादलों ने आसमां में डेरा डाल रखा। इससे मौसम बारिश जैसा हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण गुरुवार को हुई हल्की बारिश व तेज हवा का दौर अभी एक सप्ताह तक जारी रहेगा। पूर्वानुमान है कि मई के चार दिन भी सुहावने मौसम के साथ ही बीतेंगे। लोगों को चार मई तक गर्मी से राहत रहेगी। सुहावने मौसम के कारण अभी अधिकतम तापमान व न्यूनतम तापमान भी सामान्य से नीचे चल रहा है।गुरुवार शाम को आई आंधी व बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। शुक्रवार दोपहर बाद ही हल्की धूप निकली, उसके बाद फिर से बादल घिर आए। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अभी चार मई तक मौसम सुहावना बना रहेगा। इस दौरान तेज हवा के साथ-साथ कहीं बूंदाबांदी तो कहीं बारिश की उम्मीद है। इस कारण लू और झुलसाती गर्मी से भी राहत मिलेगी। अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 34.9 व न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 22.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को बादल छाए रहने व हल्की बारिश की संभावना है।

### पश्चिमी विक्षोभ

= **सुबह से ही एनसीआर में मौसम का रुख बदला-बदला सा है। यहां काले बादलों ने आसमां में डेरा डाल रखा**

# तीन विदेशियों के भी फर्जी आधार कार्ड बनाकर हड़पी थी बीमा रकम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आधार कार्ड** में बिना प्रूफ व कागजात के नाम व पता बदलकर अनक्लेम पॉलिसी का पैसा हड़पने वाले जालसाज ने पूछताछ में खुलासा किया है। आरोपियों ने तीन विदेशियों के भी फर्जी आधार कार्ड बना दिए थे और उनके बीमा की रकम को हड़प लिया था। ये विदेशी नागरिक चीन व आसपास के देशों के हैं। दूसरी तरफ आरोपियों ने जिन 22 लोगों के आधार में नाम व पते बदलवाए थे, उनमें शकरपुर के दो मकानों का ही पता दिया था। आधार कार्ड जैसे कागजात के साथ छेड़छाड़ के मामले को दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने गंभीरता से लिया है और यूआईडीएआई को पत्र लिखकर विस्तृत जानकारी मांगी है। स्पेशल सेल की आईएफएसओ




यूनिट के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के नेतृत्व में एसीपी सुनील पांचाल, इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्यागी व इंस्पेक्टर देवेंद्र दहिया की टीम ने ठगी करने वाले प्रेम प्रकाश, चंदन जैन, सुजीत कुमार मिश्रा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी रोहित कुमार अग्रवाल और विकास को गिरफ्तार किया था। रोहित कुमार व सुजीत कुमार मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के कर्मचारी थे। इन्होंने आधार कार्ड में नाम व पता बदलवाकर 22 लोगों के 37 बीमा की 2.38 करोड़ की रकम को ठग लिया था। विकास गुजरांवाला टाउन में एसबीआई में स्थित आधार सेंटर में काम करता था और पैसे लेकर आधार कार्ड में नाम व पता बदल देता था।

ये आधार कार्ड में बीमा धारक का नाम व पता बदलवा देते थे। जब ये बीमे की रकम को हड़प लेते थे, फिर से आधार कार्ड में असली कार्ड धारक का नाम व पता बदलवा देते थे। उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि तीन विदेशियों ने भारत में अपना बीमा करा रखा था। इन लोगों ने राणा प्रताप बाग में स्थित झुग्गी बस्ती के व्यक्तियों के आधार कार्ड लेकर इन विदेशी नागरिकों का नाम व पता लिखवा दिया। इसके बाद इस आधार कार्ड से इन्होंने विदेशी नागरिक के नाम से बैंक में खाता खुलवाया।

### शिकंजा

= **आरोपियों ने तीन विदेशियों के भी फर्जी आधार कार्ड बना दिए थे और उनके बीमा की रकम को हड़प लिया था**

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available

- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### सेंट जोसेफ मैनेजमेंट द्वारा कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धक हेतु सेंट जोसेफ मैनेजमेंट द्वारा कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया कजिसमें कनाडा से आई कैरियर काउन्सलर मिस शबानी ने विद्यार्थियों को कनाडा में किस प्रकार उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ साथ वीजा व ढफ से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की कतथा विद्यार्थियों द्वारा पूछी गई कई बातों का खुलासा किया कसेंट जोसेफ मैनेजमेंट समय समय पर ऐसे कई सेशन आयोजित करती रहती है ताकि विधार्थी इन सब से परिचित होकर अपने भविष्य को और निखार सके कयह सेशन वाकई बहुत लाभकारी व बेहद महत्वपूर्ण था क्योंकि इसमें विद्यार्थियों की कई शंकाओं को दूर करने के साथ साथ उन्हें उच्च शिक्षा हेतु कनाडा कैसे जा सकते हैं की जानकारी भी दी गई क

### बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के लाभार्थियों के जिला प्रशासन का अहम फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल ।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस के दिशा निदेर्शानुसार जिला कल्याण विभाग की ओर से एक मई को लघु सचिवालय में सरल केंद्र के नजदीक स्थित अंत्योदय केंद्र में डा. बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत किए गए आवेदनों की त्रुटि को ठीक करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि डा. बीआर अम्बेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृति योजना के तहत जिन छात्र छात्राओं ने आवेदन किया था परन्तु उनके आवेदन पत्रों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण उनके आवेदन पत्र ऑनलाइन सेंड बेक है। इस कारण उन्हें प्रोत्साहन राशी अब तक प्राप्त नहीं हुई है। ऐसे सभी छात्र छात्राओं के लिए विभाग की ओर से 1 मई को अंत्योदय केंद्र में सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक आवेदनों की त्रुटि को दूर करने के लिए कैंप का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन छात्र छात्राओं के आवेदन पत्रों में कमी होने के कारण योजना का लाभ उन्हें नहीं प्राप्त हुआ है वे अपने सम्पूर्ण दस्तावेज आवेदन पत्र की सरल आईडी, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, सभी साधनों से माता पिता का आय प्रमाण पत्र, आधार कक्षा की अंकतालिका, आवेदक के बैंक खाता की प्रति, वर्तमान कक्षा के आईडी कार्ड की प्रति साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि मौके पर ही आवेदन पत्र में जो त्रुटियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा।

### माता-पिता की मौत के बाद रिश्तेदारों ने किया मकान पर कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला** जिले में पति-पत्नी की मौत के बाद उनके परिजनों और रिश्तेदारों ने मकान पर कब्जा कर लिया। दंपती की 2 बेटियों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंप मकान को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मृतक के भाई, भतीजे और बहन को नामजद करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला नग्गल थाना एरिया के अंतर्गत आने वाले गांव हिमायुपुर का है।

### एलन दिल्ली के मलय को आल इंडिया रैंक-4 जेईई-मेन रिजल्ट

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शनिवार सुबह देश की



सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2023 के अप्रैल सेशन के परिणामों के साथ ही आल इंडिया रैंक भी जारी कर दी। परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है।

संस्था के चेयरमैन डॉ. ब्रजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन कॅरियर इस्टीट्यूट दिल्ली ने शुरूआत के साथ ही दिल्ली के विद्यार्थियों और अभिभावकों का दिल जीता है। एलन दिल्ली के क्लासरूम स्टूडेटं मलय केडिया ने जेईई-मेन में स्टूडेंट्स ने आल इंडिया रैंक-4 हासिल की है। आल इंडिया टॉप-5 में तीन रैंक हासिल की है। एलन के क्लासरूम स्टूडेटं मृणाल श्रीकांत वैरागड़े ने परफेक्ट स्कोर 300 में से 300 स्कोर अंक प्राप्त करते हुए आल इंडिया रैंक 3 हासिल की है। इसी तरह क्लासरूम स्टूडेटं मलय केडिया ने भी 300 में से 300 अंक प्राप्त करते हुए आल इंडिया रैंक-4 तथा कौशल विजयवर्गीय ने भी पूरे में से पूरे अंक प्राप्त करते हुए आल इंडिया रैंक-5 प्राप्त की है। इसके अलावा बड़ी संख्या में टॉप-50 और टॉप-100 में एलन स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर एलन दिल्ली में सेलीब्रेशन मनाया गया। सेंटर मेंटोर अमित मोहन अग्रवाल व अन्य फैकल्टीज ने स्टूडेंट्स का मुंह मीठा करवाया। हमेशा सवालों की प्रेक्टिस पर जोर दिया: मलय रैंक- आल इंडिया रैंक-04 पिता: भास्कर केड़िया (सेल्सहैड, प्राइवेटं कंपनी) मां: श्वेता केड़िया (होम ट्यूटर) जन्मतिथि 27 अक्टूबर 2005 गाजियाबाद निवासी एलन क्लासरूम स्टूडेटं मलय केड़िया ने जेईई मेन 2023 परीक्षा में 300 में से 300 परफेक्ट स्कोर हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 04 हासिल की है।

# एनएचएम कर्मियों ने मांग पत्र सौंपा

## संविदा कर्मचारियों को ठेका प्रथा से मुक्त कर नेशनल हेल्थ मिशन के अधीन किया जाए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अखिल** भारतीय स्वास्थ्य एवं एनएचएम कर्मचारी महासंघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय वित्त सचिव दिनेश कुमार कौशिक ने बताया पूरे भारतवर्ष मे जिला स्तर पर उपायुक्त महोदय के द्वारा प्रधानमंत्री के नाम 27 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया।



भारत मे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य एवं नेशनल हेल्थ मिशन में लगे संविदा कर्मचारियों को ठेका प्रथा से मुक्त कर स्वास्थ्य विभाग या नेशनल हेल्थ मिशन के अधीन किया जाए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज के दिन मुख्य भूमिका नेशनल हेल्थ मिशन की है क्योंकि इसमें मुख्य तौर से एंबुलेंस सेवा 108,102, टी.बी ,एडस.कुष्ठ रोग, स्कूल हेल्थ, आयुष विभाग जैसी अति महत्वपूर्ण लगभग 208 प्रोग्रामो का संचालन किया जाता है। इसमें कार्यरत कर्मचारी जो दिन रात मेहनत कर सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में दिन-रात प्रयासरत हैं लेकिन उच्च अधिकारी और सरकार के द्वारा जो निरंतर इनका शोषण किया जा रहा है और मेहनत की कमाई से भी ये वंचित है जिस कारण आर्थिक और मानसिक तौर से परेशानी कर्मचारी झेल रहें और उतर प्रदेश जैसे कई राज्यो में आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर हैं। सरकार और कर्मचारी के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न करने वाली कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को हड़प करने वाली कंपनियों के टेंडर निरस्त किए जाने चाहिए।

राष्ट्रीय स्कीम वर्कर प्रभारी श्री सुरेंद्र कुमार पांडे जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ऑनलाइन हुई मीटिंग में राष्ट्रीय महामंत्री विश्वराध्य यमोजी, और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश कुमार के द्वारा सभी प्रदेशों के कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित कर आगे के दिशा निर्देश दिए और पूरे भारतवर्ष में उपायुक्त महोदय के मार्फत प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय हुआ।

जिसमें मुख्य मांगे 60 वर्षों तक कर्मचारी की सेवा सुरक्षा दी जाए। सेवा आधारित वेतन वृद्धि की जाए कर्मचारी कल्याण आयोग का गठन और सामाजिक सुरक्षा का लाभ पेंशन की गारंटी ग्रेजुएटी का लाभ सभी प्रदेशों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलना चाहिए संसाधन नीति का कार्यान्वयन और कर्मचारी कल्याण उपाय पर भारत सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए एक देश एक एचआर पॉलिसी, एक देश एक समान अवकाश पॉलिसी, स्थानांतरण नीति कपल केस को उनके निरंतर सेवा को देखते हुए पूरे देश में सरकार को लागू करनी चाहिए।

## विकास के वायदे पर विशाल मांग रहे वोट



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा नगर** निगम मथुरा वृंदावन में चुनाव प्रचार धीरे धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। मैदान में डटे प्रत्याशी लगातार जनता के बीच संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वह जीते तो क्षेत्र का भरपूर विकास कराएंगे। नगर निगम के वार्ड नंबर 18 (जनरल गंज) से कई प्रत्याशी मैदान में हैं। वार्ड 18 से निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी विशाल सिंह ने जनरल गंज, राजा बलि टीला, बाड़ा बिहारी दास, अम्बाखार, अंतापाडा आदि इलाकों में अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। वहीं आम आदमी, व्यापारी, दुकानदार क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र का भरपूर विकास कराया जाएगा। विशाल सिंह का कहना है कि पिछले पांच साल से वार्ड का विकास न होने पर जनता में नाराजगी है। वार्ड 18 में जगह जगह गंदगी और टूटी फूटी सड़कों और पानी की समस्याएं है।

## दीप कौर ने किया चंडीगढ़ का नाम रोशन, मिसेज वोगस्टार इंडिया 2023 में रहीं फर्स्ट रनर अप

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
चमक-दमक और रोशनी से भरपूर एक खूबसूरत शाम में चंडीगढ़ की फार्मासिस्ट और एक स्पेशल बच्चे की मां, दीप कौर पिछले हफ्ते जयपुर के ले मेरिडियन होटल में आयोजित मिसेज वोगस्टार इंडिया 2023 की फर्स्ट रनर अप बनीं। ऑल इंडिया ब्यूटी पेजेंट का आयोजन वोगस्टार द्वारा किया गया था, जो महिलाओं का एक समावेशी मंच है और महिलाओं द्वारा महिलाओं को उनकी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए तत्पर है। दीप कौर ने स्टेट लेवल कम्पटीशन जीतने के बाद नेशनल राउंड में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें मिसेज वोगस्टार इंडिया, चंडीगढ़ की विजेता के रूप में ताज पहनाया गया। स्मार्ट और लम्बे कद वाली दीप ने सौंदर्य प्रतियोगिता में दर्शकों और जूरी सदस्यों पर अपना प्रभाव छोड़ा । अपने आत्मविश्वास और खूबसूरत मुस्कान से उन्होंने जयपुर में ज्यूरी के प्रतिष्ठित सदस्यों का दिल जीत लिया। अपनी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दीप कौर ने कहा, ह्लमैं अपना जीवन पूरी तरह से जीने, चुनौतियों का सामना करने और अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमताओं के साथ उनका सामना करने में विश्वास करती हूं। मिसेज वोगस्टार इंडिया में फर्स्ट रनर अप के रूप में उभरना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है और मैं इस अवसर पर ट्रेनर्स, मेकअप आर्टिस्ट्स और फोटोग्राफर्स की टीम के साथ कीर्ति और हेरी मैम को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे मेरी सारी शंकाएं छोड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। और मंच पर पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने का हौसला दिया। दीप एक खास बच्चे की मां है और उसके लिए जिंदगी आसान नहीं रही क्योंकि उसे हर दिन एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता है।

## पटेल रोड के देवेंद्र की जगाधरी गेट स्विफ्ट कार चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला में** चोरों का आंतक तेजी से बढ़ता जा रहा है। पुलिस भी इन चोरों को पकडने में नाकामयाब सिद्ध हो रही है। चोरों ने गत दिवस अंबाला शहर की जगाधरी गेट स्थित मदरासी डोसे की दुकान के बाहर खड़ी कार को चुरा लिया। पटेल रोड़ निवासी दवेंद्र सचदेवा ने बताया कि वह सेना नगर में बर्तन का काम करते हैं। रात्रि उन्होंने जगाधरी गेट पर अपनी स्वीफट डिजायर कार खड़ी की थी लेकिन सुबह जब वह आए तो उन्होंने ने देखा की उनकी कार घायब थी। हालांकि जब उन्होंने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे तो पता चला कि एक कार से तीन चार लोग उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# लॉजिस्टिक हब बनने पर निजामपुर की होगी कायाकल्प: तेज एडवोकेट

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा/नारनौल**
**आगामी सात** मई को गांव गहली में प्रस्तावित जन सम्मान समारोह की भव्य सफलता के लिए जजपा नेताओं ने शनिवार को नांगल चौधरी हलके के नलवाटी क्षेत्र में ग्रामीणों को निमंत्रण देने पहुंचे। इस दौरान जजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तेजप्रकाश यादव ने कहा कि सरकार की इस क्षेत्र को लॉजिस्टिक हब की सबसे बड़ी देन है और जिस दिन यह शुरू हो जाएगा, यहां पर विकास की झड़ी लग जाएगी। रोजगार के न केवल अवसर पैदा होंगे, बल्कि समूचे इलाके की कायाकल्प हो जाएगा। इस हब की स्थापना में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत



चौटाला का बहुत बड़ा योगदान है और वह यहां मल्टी नेशनल कंपनियां लाकर यहां की कायाकल्प करने को तैयार हैं। अब वह दुष्यंत चौटाला सात मई को गांव गहली में जनसम्मान समारोह में आएंगे, जहां हम सभी को मिलकर भारी संख्या में उनका गर्मजोशी से स्वागत करना है। हलका अध्यक्ष हजारी लाल लंबौरा ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सात मई को भारी संख्या में गांव गहली पहुंचे और जन-जन के प्रियनेता दुष्यंत सिंह चौटाला का स्वागत करें। समारोह के संयोजक एवं जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने भी ग्रामीणों से जनसम्मान समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# दिवाली से पहले अंबाला से डोमेस्टिक एयरलाइंस शुरू कर दी जाएगी: कपिल

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) कपिल विज** ने कहा कि हरियाणा के गृह मंत्री श्री अनिल विज जी के प्रयासों के तहत आगामी दिवाली से पहले-पहले अंबाला से डोमेस्टिक एयरलाइंस शुरू कर दी जाएगी।

श्री कपिल विज अम्बाला में प्रयास सोसायटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रयास सोसाइटी पिछले कई वर्षों से सामाजिक कार्य निरंतर करती आ रही है। मुझे यह जानकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही है कि सोसाइटी हर वर्ष 5 कन्याओं



की शादी करवाती है, अस्कूलों में गरीब बच्चों की फीस सोसायटी द्वारा दी जाती है, रक्तदान शिविर भी लगाया जाता है जोकि सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सोसायटी द्वारा इस प्रकार के जन कल्याण के प्रयास किए जा रहे हैं जो बहुत ही अच्छी बात है। श्री विज ने कहा कि जो प्रयास करता है वही सफलता पाता है जिसने प्रयास ही नहीं करना उसको क्या सफलता मिलनी है। वर्ष 1997 में हमारे विधायक श्री अनिल विज जी ने यह प्रयास किया कि अंबाला में भी एक सरकारी कॉलेज होना चाहिए और वह सफल रहे। आज इस सरकारी कॉलेज में लगभग 4000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे ही, उनके प्रयास से अंबाला में स्वास्थ्य सेवाओं के तहत नागरिक अस्पताल और कैंसर अस्पताल का निर्माण हुआ। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में जगाधरी रोड को फोरलेन किया गया। उन्होंने कहा कि वे प्रयास करते रहे तो सफल रहे और आज यह सभी चीजें धरातल पर है। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों की दिशा के तहत यह सड़क बना कर दी है और इसका सभी लोगों को बहुत लाभ हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इस सोसाइटी का नाम जिसने भी प्रयास सोसाइटी रखा, उसका मैं धन्यवाद करता हूं क्योंकि प्रयास का बहुत गहरा अर्थ है। उन्होंने नई टीम के गठन पर अपनी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई दी और कहा कि मैं उम्मीद रखता हूं कि यह टीम पहले से ज्यादा सामाजिक कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि नई टीम को प्रोत्साहन के रूप में गृह और स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज जी की ओर से अनुदान के रूप में दो लाख रूपए देने की घोषणा की गई है।

## ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर केरोलिन रोवेट ने रेनी सिंह की पुस्तक बियोंड दी स्टार्स का किया विमोचन

**चंडीगढ़:** जानी मानी लेखिका, प्रसिद्ध स्तंभकार और मैनेजमेंट गुरु रेनी सिंह ने शुक्रवार को होटल हयात रेजेंसी में आयोजित एक समारोह के दौरान ट्राईसिटी के पुस्तक प्रेमियों की उपस्थिति में अपनी चैथी काव्य पुस्तक बियोंड दी स्टार्स का विमोचन किया। इस पुस्तका का विमोचन चंडीगढ़ में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशनर कैरोलिन रोवेट ने आमंत्रित बुद्धिजीवियों सहित लेखिका निरुपमा दत्त और राईवर्स पब्लिशिंग ग्रुप के निदेशक अफान येसवी के बीच किया। एक स्ट्रेस मैनेजमेंट कसंल्टेंट होने के नाते, रेनी सिंह का मानना है कि पूरी दुनिया स्नेह और आपसी प्रेम के इर्द गिर्द घूमती है और वहीं से लेखिका ने 130 पृष्ठों वाली इस पुस्तक के लिये प्रेरणा प्राप्त की। ये कवितायें प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव और अपने अंतर्मन के साथ तालमेल से लेखिका की भावनाओं तक पहुंचीं थी रेनी मानती है कि कविता एक गीतात्मक तरीके को अभिव्यक्ति का रुप है जो किसी को भी आंतरिक इंद्रियों को मुक्ति की भावना देती है और दुनिया से जुड़ने की अनुमति देती है। रेनी सिंह की यह काव्य कृति प्रेम के विभिन्न पहलुओं पर एक ग्रंथ है जो पाठक के तनाव को दूर करने में मदद करती है। पुस्तक की कीमत 325 रुपये है और यह ऑनलाइन प्लेटफार्म जैसे ऐमोजन और आफलाईन भी उपलब्ध है।

रेनी की तीन काव्य पुस्तकें - सेक्रेड लांगिंग्स, सेक्रेड कर्मा और सेक्रेड डिजायर लिखी है। वह वर्तमान में विज्ञान और अध्यात्म के विषय में अपनी नई किताब पर जुटी हुई है। रेनी सिंह जो सेक्रेड लाईफ फाउंडेशन की संस्थापिका भी हैं, एक व्यापक दृष्टिकोण से वैलनेस सोल्यूशंस प्रदान करवाने में प्रयासरत एक संस्था है जिसका उद्देश्य दुनिया भर के लोगों में जागरुकता और चेतना को बढ़ाना है।

## प्रोपेल्ड ने स्कॉलरशिप प्रोग्राम के दूसरे चरण की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत के एज्यूकेशन फायनेंसिंग प्लेटफॉर्म प्रोपेल्ड अपने छात्रवृत्ति कार्यक्रम के दूसरे चरण के शुभारंभ की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का मकसद शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए भारत की किसी भी यूनिवर्सिटी में एमबीए, जीजीडीएम, एमएससी, या एमटेक पाठ्यक्रमों में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। छात्रवृत्ति कार्यक्रम को फायनेंशियल एड और कम ब्याज वाले ईएमआई विकल्प और परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है ताकि उन्हें अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। एप्लिकेशन विंडो 23 अप्रैल 2023 को खुल चुकी है और 25 मई, 2023 को बंद होगी। इच्छुक छात्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, जहां उन्हें अपने शैक्षणिक रिकॉर्ड, वित्तीय पृष्ठभूमि और व्यक्तिगत जानकारी जमा करने की आवश्यकता होगी।

# ग्रामीण अंचल की छात्रा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया /नांगल चौधरी**
**सादा जीवन** उच्च विचार की मिसाल पेश करने वाली कुमारी ज्योति मंगला शिक्षा जगत में किसी नाम व परिचय की मोहताज नहीं। इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर की छात्रा रही 22 वर्षीय ज्योति मंगला को उनकी उपलब्धियों के लिए 25 अप्रैल को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में प्रथम स्थान अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। महामहिम राज्यपाल ने कहा बेटियों के बढ़ते कदम शिक्षा जगत में नए आयाम स्थापित



करेंगे। कुमारी ज्योति मंगला वर्तमान में बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निकल के हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्रवक्ता पद पर आसीन हैं। उन्होंने अपने साक्षात्कार में बताया वे दो बार नीट की परीक्षा पास कर चुकी हैं। नीट की परीक्षा में देश में 38 वां रैंक, आईआईटी में देश में 15वां रैंक हासिल किया व गेट में भी 78 वां रैंक हासिल किया है। कुमारी मंगला ने बताया मेरा लक्ष्य यूपीएससी की परीक्षा पास करना है, जो कठिन तो है, परंतु असाध्य नहीं। मंगला की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल दिखाई दिया। धार्मिक प्रवृत्ति की ज्योति मंगला प्रतिदिन सुबह-शाम दो घंटे भगवत भजन में गुजारती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय दादा गजानंद, दादी चंद्रकला, पिता हरेंद्र गुप्ता, माता चंचल गुप्ता ,चाचा लालचंद व गुरुजनों को देते हुए कहा चाचा गोपी मंगला के मार्गदर्शन का धन्यवाद, जिन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया । कुमारी मंगला ने दोहराया यूपीएससी की मंजिल अभी बाकी है,जिसे वह हासिल करके ही दम लेगी। वहीं होनहार विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर नांगल चौधरी के लोगों में खुशी की झलक देखी गई।

# एस ए जैन विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में ओरिएंटेशन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) एस ए जैन** विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में प्री०प्राइमरी व प्राइमरी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की प्रधानाचार्या डा० रूचिका भूटानी जी के दिशा-निदेर्शों पर किया गया। इसमें बच्चों व उनके अभिभावकों ने विशेष तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके साथ ही नवकार मंत्र का उच्चारण भी किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने संदेशपरक



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण वृक्ष बचाओ, जीवन बचाओ लघु नाटिका व मनमोहक नृत्य रहे। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डा० रूचिका भूटानी जी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक नीतियों से अवगत करानाऔर यह जानकारी प्रदान करना है कि

**8 कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया**

बच्चों के भविष्य को कैसे काबिल बनाया जाए और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को कैसे बाहर निकाला जाए। अभिभावकों को बताया गया कि किस प्रकार विद्यालय प्रांगण में बच्चों के मनोविज्ञान को ठीक से समझ कर उन्हें आगे बढ़ने का सदैव सुअवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वपक्षीय विकास पर ध्यान देना है इस कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की ओर से प्रधानाचार्या जी से कुछ सवाल भी किए गए। अभिभावकों ने भी अपने विचारों के माध्यम से बताया कि बच्चों को शिक्षा थोपने की बजाय उनकी रुचि अनुसार बेहतर माहौल मिले यही अभिभावक की इच्छा होती है जिनके प्रधानाचार्या जी ने बहुत ही संतोषजनक जवाब दिए। इस पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर की। प्रधानाचार्या जी ने बताया कि स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक सरोकार और राष्ट्र हित के कार्यों में भी विशेष रुचि लेता है।

# आर्य गर्ल्ज कॉलेज में एजूकेशनल फेस्ट का आयोजन

**8 कार्यक्रम में 31 संस्थानों ने भाग लिया और कॉलेज में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**आर्य** गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के प्रांगण में करियर गाइडेंस सैल द्वारा एजूकेशनल फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 31 संस्थानों ने भाग लिया और कॉलेज में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्टॉल लगाए गए।



इस एजूकेशन फेयर में साथ अकादमी, महेंद्रा इंस्टीच्यूट, ए.आई,एम.टी., अम्बाला शहर, मारूति ड्राइविंग स्कूल, एकांश व्हील, अम्बाला शहर, लैक्मे अकेडमी, विद्यापीठ आई.ए.एस., फलाइंग कलर इंस्टीच्यूट, सन स्टोन यूनिवर्सिटी, वी.एल.सी.सी. इंस्टीच्यूट, ग्लेक्सी ग्लोबल, वेस्टर्न ओवरसीज, स्टडी वर्ल्ड टूडे, भारती एक्सा लाईफ, पृथ्वीशील आयुर्वेद, रमाड़ा, क्रॉस लैंड, स्कॉलर द विजा डेस्टीनेशन आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि हुई।

# संपादकीय

## भविष्य का निर्माण वर्तमान के कठिन परिश्रम का प्रतिफल

**हमें** सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा।

# पहलवानों का धरना राजनीतिक मंच बनता जा रहा है ?

**अशोक भाटिया**

> जंतर-मंतर पर जो पहलवान बैठे हैं, उनसे मिलने रएअक यानी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डिप्टी डीजी शिवकुमार तो कोलकाता से मिलने दूसरे ही दिन आ गए थे। वह पहलवानों से मिले। उन्होंने कहा भी कि पहलवानों ने जांच मांगी थी और उनकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए ही दो-दो कमेटियां बनीं। उसमें योगेश्वर दत्त, मैरीकॉम से लेकर आपकी प्रतिनिधि बबीता फोगाट तक शामिल थीं। ऐसे 12 लोग थे कमेटी में। अब अगर उन पर ही पहलवानों को भरोसा नहीं, तो फिर कैसे जांच करवाई जाए? जहां तक बबीता फोगाट के जबरन रिपोर्ट पर साइन करने की बात है या उनको अंधेरे में रखकर हस्ताक्षर करवाने की बात है तो एक बात जान लीजिए। बबीता 56-60 किलोवर्ग की विश्व चैंपियन पहलवान हैं। उनसे किसने और कैसे जबर्दस्ती कर ली?

**जंतर-मंतर** पर एक बार फिर पहलवानों का धरना-प्रदर्शन जारी है। विनेश फोगाट समेत 7 पहलवानों ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से WFI के प्रमुख बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआईआर का आदेश देने की मांग की थी । पहलवानों का कहना है कि उनसे जो वादे हुए थे, वे पूरे नहीं हुए हैं। शुक्रवार को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पहलवानों का धरना जारी है। जो पहलवान विनेश फोगाट के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने तो साफ कह दिया है कि उनका व्यवस्था पर से विश्वास उठ गया है। इन्होंने आज से तीन महीने पहले भी धरना दिया था और खेल-मंत्रालय के साथ ही क्डअ को भी एक शिकायत की थी। इनकी ही शिकायत पर एक जांच समिति तो आइओए ने बनाई थी और दूसरी समिति खेल-मंत्रालय ने बना दी थी। इन समितियों ने अभी तो अपनी रिपोर्ट ही दी है। पहलवानों को अभी एकाध दो हफ्ते तो धैर्य दिखाना ही चाहिए था। उनको प्रतीक्षा करनी चाहिए थी क्योंकि दोनों ही समितियों ने अपने निष्कर्ष सरकार को दे दिए हैं। अब ये तो सरकार पर है न कि वह जब उचित समझेगी तो उनको सार्वजनिक करेगी। इस बीच कुश्ती संघ ने तो अपनी गतिविधियां दुबारा प्रारंभ कर दी हैं। अभी हाल ही में गोंडा में अंडर 17 की नेशनल चैंपियनशिप का भी आयोजन हुआ है। यह बहुत ही बढ़िया टूनामेंट रहा, काफी शानदार पार्टिसिपेशन रहा। तो, कुश्ती संघ तो अपने हिसाब से चल रहा है। पहलवानों को वापस धरने पर बैठने से पहले आइओए और ओवरसाइट कमेटी की रिपोर्ट का इंतजार तो करना ही चाहिए था न। इस कमेटी में मैरीकॉम, योगेश्वर दत्त जैसे वर्ल्ड चैंपियन हैं। डोला बनर्जी, तृप्ति मरुगंडे जैसे खिलाड़ी, दो बड़े वकील, राजगोपाल जैसे सीईओ, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर राधिका श्रीमान भी उसी कमिटी में थे। अब ऐसी जांच कमेटी को भला आप कैसे गलत कह सकते हैं। खुद बबीता फोगाट भी उस कमिटी की एक सदस्य थीं, जो पहली बार धरना-प्रदर्शन का हिस्सा रही थीं। उस कमेटी ने बहुत कायदे से, लगभग 8 सप्ताह तक सभी संबंधित पार्टियों को बुलाकर, ऑन कैमरा



उनके बयान लिए। बाकायदा एफिडेविट देकर बयान लिए गए हैं। इस जांच समिति को इतने हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। अब आप योगेश्वर दत्त या मैरीकॉम को इतने हल्के में लेंगे क्या? जो पहलवान और खिलाड़ी धरना पर बैठे हैं, उनको कैसे पता कि कमेटी ने कुछ नहीं किया? समिति ने सबको सुना, आपने जो साक्ष्य दिए, वो ऑन रिकॉर्ड बाकायदा वीडियोग्राफी करवा कर रिकॉर्ड किए गए। उन्होंने सवाल पूछे, आपने जवाब दिए, आपने बाकायदा शपथ-पत्र दिया है, तो फिर आप कैसे कह सकते हैं कि समिति ने कुछ नहीं किया।।कम से कम समिति की रिपोर्ट तो आने दीजिए। आप अभी से कैसे और क्यों मान बैठे हैं कि रिपोर्ट में बृजभूषण सिंह को या फेडरेशन को क्लीन-चिट मिल गई है? यह कहना गलत होगा कि सरकार ने पहलवानों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में हैं। जंतर-मंतर पर जो पहलवान बैठे हैं, उनसे मिलने रएअक यानी स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के डिप्टी डीजी शिवकुमार तो कोलकाता से मिलने दूसरे ही दिन आ गए थे। वह पहलवानों से मिले। उन्होंने कहा भी कि पहलवानों ने जांच मांगी थी और उनकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए ही दो-दो कमेटियां बनीं। उसमें योगेश्वर दत्त, मैरीकॉम से लेकर आपकी प्रतिनिधि बबीता फोगाट तक शामिल थीं। ऐसे 12 लोग थे कमेटी में। अब अगर उन पर ही पहलवानों को भरोसा नहीं, तो फिर कैसे जांच करवाई जाए? जहां तक बबीता फोगाट के जबरन रिपोर्ट पर साइन करने की बात है या उनको अंधेरे में रखकर हस्ताक्षर करवाने की बात है तो एक बात जान लीजिए। बबीता 56-60 किलोवर्ग की विश्व चैंपियन पहलवान हैं। उनसे किसने और कैसे जबर्दस्ती कर ली? अगर बिना पढ़े उन्होंने डॉक्यूमेंट साइन किए तो यह तो बहुत ही हास्यास्पद है। क्या बबीता बिना देखे किसी भी कागज पर साइन कर देती हैं? वह तो वैसे भी जांच कमेटी की सदस्य थीं। पूरी की पूरी जांच कैमरे में हुई है। जो जानकारी छन कर आ रही है, उसमें 90 फीसदी प्रश्न तो बबीता ने खुद ही पूछे हैं। सवाल यह है कि आप खुद की कमेटी को ही कैसे नकार सकते हैं? सरकार को 5 अप्रैल को रिपोर्ट मिली है। सरकार क्या उस रिपोर्ट का अध्ययन करेगी, लीगल ओपिनियन लेगी, चार लोगों को पढ़वाएगी-लिखवाएगी कि नहीं? फिर, इस जल्दबाजी की तुक क्या है? जो रिपोर्ट चार हफ्ते में देनी थी, वह तीन महीने में दी गई न। तो, जब पहलवानों ने तीन महीने तक इंतजार किया तो दो हफ्ते और कर लेते। एक और बात जो छन कर आई है, वह ये है कि सबसे बड़ा असहयोग तो इन खिलाड़ियों की तरफ से था, जो आज धरने पर बैठे हैं। खुद बबीता फोगाट 10 बार बुलाने पर एक बार हाजिर हुईं। तब उनके साइन हुए हैं। वह तो अपना फोन ही बंद कर बैठ गई थीं। ऐसा राधिका श्रीमान और योगेश्वर दत्त ने बताया है। तो ये जो विश्वस्तर के खिलाड़ी हैं, ये सब झूठे हैं? जहां तक FIR की बात है, तो उसका एक रडढ यानी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर होता है। अगर ताजा मामला है, जैसे कल रात की घटना है और पीड़िता अगर थाने पहुंचती है, तो तुरंत एविडेंस इकट्ठा करने के लिए आरोपित को तुरंत हिरासत में लेती है, ताकि फॉरेंसिक एविडेंस मिल सकें। यहां तो मामला 10 साल पुराना है, 5 साल पुराना है, तो पुलिस ने इनकी शिकायत ले ली है और जांच शुरू कर दी है। उस जांच में सरकार से दिल्ली पुलिस ने दोनों कमेटी की रिपोर्ट भी मांगी है। अब आरोप लगाने वाले पहलवानों को पुलिस बुलाएगी और साक्ष्य में अगर दम हुआ तो एफआईआर दर्ज हो जाएगी। ये कोई मसला ही नहीं है। पिछली बार जब पहलवान धरने पर बैठे थे तो वृंदा करात जैसी नेत्री को भी इन्होंने मंच से उतार दिया था। यहां तक कि बॉक्सर विजेंद्र सिंह को भी मंच नहीं दिया था। अब इस बार ये कह रहे हैं कि जो भी उनका समर्थन करने आएगा, उसका स्वागत है। तो, इसका तो मतलब यही है कि ये सीधा-सादा पॉलिटिकल मंच बन गया है। पिछली बार आपने किसी को मंच पर झांकने नहीं दिया, इस बार आप न्योता देकर बुला रहे हैं। जबकि पहलवानों के लंबे संघर्ष के बाद पुलिस ने 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि मामले में ऋक्ष दर्ज की जाएगी। राजनीतिज्ञों को न्योता मिलते ही पहलवानों के धरने को समर्थन देने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शनिवार 29 अप्रैल सुबह जंतर मंतर पहुंची। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी उनके साथ रहे। जंतर मंतर पर पहलवानों के धरने का शनिवार को सातवां दिन है। आज शाम तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी धरना स्थल पर आने वाले है । शुक्रवार को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी पहलवानों का धरना जारी है।इसके अलावा आंदोलनकारी पहलवानों को और भी कई राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकताओं, खिलाड़ियों, बॉलीवुड चेहरों और खापों का समर्थन मिला रहा है । 26 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक, कांग्रेस के उदित राज, भूपेंद्र हुड्डा और उढक(ट) लीडर वृंदा करात समेत कई राजनीतिक दलों के नेता पहलवानों के धरने पर पहुंचे थे। पहलवानों ने 28 अपैल को ट्विटर कैंपेन चलया जिसमें कई बड़े चेहरों ने उनका साथ दिया।

# कविता

तेरे सामने मेंरा वजूद बेहतर
भी नहीं ,
तू खुदा नहीं है,पर कमतर नहीं ।

की बंदगी खुदा की,दिखाई तू देती है,
गुमान है यकिंनन,तू मुझसे खफा नहीं।

यारों ने आईना दिखाया मुझे बार बार
जानता हूँ,वो फकत आईना तेरा नहीं।

हालात मेरे जैसे है,बदलेंगे भी नहीं,
मेरी इबादत ने बताया तू बेवफा नहीं।

दिखा दो खुलेआम जमाने को रूबरू
महजबीन हो मेरी,कही अलहदा नहीं

जाहिर है,तुम्हारे भी नाजो नखरे है
खामोश हो,समझूँ एक है जुदा नहीं।

लिख गया कोई सूफी,इश्किया किस्से,
शर्तिया ये किस्सा तेरा और मेरा नहीं।

संजीव ठाकुर

## कुत्ता क्लिकिंग बहुविध उपयोगिता

**रामविलास**

**आज के** भाग-दौड़ भरे जीवन में कुत्ते हर एक व्यक्ति के जीवन में नए उल्लास और उमंग भर रहे हैं। तमाम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से लेकर नितांत निजी क्षणों तक कुत्तों का महत्व जगजाहिर है। कुत्तों के लिए विशेष प्रकार के कार्यालय से लेकर शौचालय तक बने हुए हैं। आजकल शेखी बघारने का संकट विकराल रूप लेता जा रहा है। साथ ही लोग बहुत जटिल और भारी स्टेटस शो बाजी भी एक समस्या है। ऐसे में कुत्ते किसी देवदूत से कम नहीं है। जीवन में कुत्तापना ही सर्वाधिक सुखदाई दिखाई पड़ रहा है। सुबह-सुबह व्यायाम करने की नाटक बाजी में कुत्तों की सवारी करना सबसे महत्वपूर्ण काम हो गया है। आजकल हर एक कुत्ते ने एक शानदार मालिक पाल रखा है। हर एक कुत्ता अपने-अपने मालिक की सवारी करता हुआ नजर आता है। सुबह-सुबह कसरत की नाटक बाजी में कुत्ता एक महत्वपूर्ण सवारी के रूप में काम आता है। इसकी सवारी एक वरदान से कम नहीं है। इसके स्वास्थ्यवर्धक लाभ अनगिनत है। आज के सामाजिक संकट के दौर में तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। कुत्ते ही एकमात्र ऐसे उपाय बचे हुए हैं, जिनकी कृपा से सोशल स्टेटस आसमान पर छलांग लगाता दिखाई देता है।

आज के वैज्ञानिक शोध भी कुत्ते की सवारी के तमाम लाभों को सिद्ध कर रहे हैं। कुत्ते की सवारी एक बेहतरीन व्यायाम तो है ही, साथ ही इससे शरीर के समूचे अंग-अवयवों की कसरत हो जाती है। जब अच्छा-खासा मालिक अपने निजी कुत्ते की रस्सी थामे सड़क किनारे चलता है, तो कुत्ता उसे एक निश्चित दिशा में खींचता चला जाता है। कुत्ते की ऐसी चलन बाजी एरोबिक व्यायाम है। इससे हृदय, मस्तिष्क एवं रक्त कोशिकाओं के लिए बहुत लाभ मिला है। ठीक साइकिलिंग की तरह ही महत्वपूर्ण है कुत्ता क्लिकिंग! इससे हमारे पैरों, जांघों की मांसपेशियों के साथ पेट, बाजू एवं बुद्धि की भी खासी कसरत हो जाती है। एक बड़ा रुतबा भी कायम होता है। जब कोई अन्य कुत्ता सामने दिखाई देता है तो घरेलू निजी कुत्ता एकदम सरपट दौड़ लगाता है, इससे बंधे मालिक को भी दौड़ना पड़ता है। ऐसा करने से हड्डियां भी मजबूत होती है। नियमित कुत्ता क्लिकिंग से पैरों की मांसपेशियों के साथ पुट्ठों एवं घुटनों के जोड़ मजबूत होते हैं। समाज में मान मयार्दा बढ़ती है। यह पूरे घर परिवार के व्यायाम जैसा होता है। इससे पूरे परिवार के स्टेमिना व रोग प्रतिरोधक क्षमता में आशातीत वृद्धि होती है। सोशल स्टेटस वृद्धि से शरीर ऊर्जा के स्तर में वृद्धि होती है, जो दिन भर के लिए बैट्री चार्ज करने जैसा होता है । कुत्ता क्लिकिंग बुढ़ापे और घुटनों के दर्द में भी उपयोगी होती है। जहां खड़े होने पर जोड़ों पर भार पड़ता है, कुत्ते के साथ रहने पर यह दवाब भी नहीं पड़ता। इस तरह कुत्ता क्लिकिंग अपनी बहुविध उपयोगिता के आधार पर तन-मन के सामाजिक स्वास्थ्य के सच्चे हितेषी के रूप में अपनाए जाने योग्य वाहन है। यह हर्ष का विषय है जो कुत्ते पहले गरीब की सवारी और गरीबी का द्योतक समझे जाते थे, वे आज अमीर लोग और अमीर जादे भी शान से उपयोग में लेने लगे हैं।

# विचार

## समलैंगिक शादी या सांस्कृतिक बर्बादी

**विनोद बंसल**

**भारतीय ज्ञान** विज्ञान, परंपराएं, रीति रिवाज व सांस्कृतिक मान्यताएं आज विश्व पटल पर स्वीकार की जाने लगी हैं। भोगवादी जीवन से तंग लोग अपनी पाश्चात्य संस्कृति को तिलांजलि देकर जहां वे एक ओर भारतीय संस्कारों व मान्यताओं को अपना रहे हैं वहीं, कुछ मुट्ठी भर लोग भारतीय जीवन मूल्यों का मखौल उड़ाते हुए अपने अमर्यादित, अप्राकृतिक व असांस्कृतिक कुकृत्यों को वैधानिक मान्यता दिलाने पर तुले हैं। दुर्भाग्य से ऐसे लोगों के साथ हमारे यहां के कुछ कथित बुद्धिजीवी, वकील तथा न्यायाधीश भी उनके सहयोगी की भूमिका में दिख रहे हैं। हाँ! हम बात कर रहे हैं दो समलैंगिकों के अप्राकृतिक व्यवहार को विवाह की मान्यता की। संस्कार भारतीय जीवन मूल्यों तथा सामाजिक व्यवस्था की धुरी होते हैं। यूं तो भारतीय परंपरा में गभार्धान पुंसवन, सीमंतोनयन, जातकर्म, नाम करण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ा कर्म, कर्णवेध, उपनयन, वेदारंभ, समावर्तन, विवाह, वानप्रस्थ, संन्यास तथा अंत्येष्टि संस्कार सहित सोलह संस्कारों का वर्णन मिलता है। किन्तु इनमें मात्र एक ही संस्कार ऐसा है जिसमें दो लोग मिलकर सामूहिक रूप से एक साथ संस्कारवान होते हैं। इसे विवाह संस्कार कहते हैं जिसके लिए स्त्री व पुरुष दोनों का होना अनिवार्य है। इस संस्कार का मुख्य प्रयोजन योग्य संतानोत्पत्ति कर समाज व राष्ट्र को उन्नत करना है। यूं तो विवाह भी आठ प्रकार के बताए हैं। ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, असुर, गंधर्व, राक्षस व पैशाच नामक विवाहों में से ब्राह्म विवाह को ही सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। विवाहों की जो निकृष्टतम पद्धति भी है उसमें भी स्त्री व पुरुष दोनों का होना अनिवार्य है। यदि हिंदू मान्यताओं को छोड़ भी दें तो पाएंगे कि दुनियां के अन्य किसी भी मत, पंथ, संप्रदाय में भी सर्वत्र स्त्री के साथ पुरुष या पुरुष के साथ स्त्री के विवाह को ही मान्यता दी गई है। आदिकाल से ही विवाह को हमारे यहाँ एक बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। भारतीय समाज में चार आश्रमों यथा ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास आश्रम में से गृहस्थ आश्रम का विशेष महत्व है। इसमें प्रवेश ही विवाह संस्कार के माध्यम से होता है। यह आश्रम शेष सभी आश्रमों की धुरी भी है। यदि यही कलंकित या दूषित हो जाएगा तो अन्य आश्रमों का क्या होगा। भारतीय मान्यताओं के अनुसार विवाह बंधन में बंधने वाले युगल एक दूसरे के प्रति समर्पित भाव से दायित्व का भाव लेकर एक होने का संकल्प लेते हैं ना कि अपने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हैं। वे अपनी संतान माता-पिता, रिश्तेदारों व समाज के लिए दायित्व बोध से काम करते हैं। विवाहों को कानूनी मान्यता हेतु हमारे यहाँ अलग अलग रिलीजन के हिसाब से अलग अलग कानून बनाए गए हैं। ये सभी संविधान के अनुच्छेद 246 के अंतर्गत संसद को प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत बनाए गए है। जो उन कानूनों के अंतर्गत नहीं आता उनके लिए विशेष विवाह अधिनियम 1954 है। इसके अंतर्गत दो विविध मतों के मतावलंबी अपने अपने मत का पालन करते हुए बिना मतांतरित हुए भी विवाह कर सकते हैं। किन्तु किसी भी कानून में दो समलैंगिक व्यक्तियों को पति-पत्नी के रूप मान्यता देने का कोई विधान नहीं है। संसार का कोई भी धर्म समलैंगिक विवाह को मान्यता नहीं देता। अब यदि दो समलैंगिकों अर्थात महिला का महिला के साथ या किसी पुरुष का पुरुष के साथ सह-जीवन को विवाह की स्वीकृति दी जाती है तो उसके क्या परिणाम होंगे उन पर विचार करते हैं। यदि समलैंगिक विवाह को मान्यता दी जाती है तो संतानोत्पत्ति कैसे होगी? इन्हें बच्चा कोई गोद देगा ही क्यों? क्या कानून ऐसे जोड़ों को दत्तक गृहण का अधिकार देगा? बच्चे यदि गोद भी ले लिए जाएं तो क्या उन समलैंगिकों के आचरण व व्यवहार के दुसप्रभाव से बच्चा अछूता रह सकता है? दत्तक बच्चों को मातृत्व और पितृत्व का सुख कैसे संभव है? बच्चा जब विद्यालय जाएगा तो उसके माँ व बाप का नाम क्या होगा? संतानोत्पत्ति होगी ही नहीं तो गोद लिए बच्चे के प्रति उस कथित दम्पत्ति का व्यवहार और बच्चे पर उसका दुसप्रभाव दोनों ही अकल्पनीय होंगे। बच्चों व बड़ों में पारिवारिक संस्कार कहां से आयेंगे जो कि जीवन की शांति, व्यवस्था व नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज के लिए बहुत आवश्यक हैं?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## क्या मजदूरों को मिलने वाला अधिकार मिला

**संजय कुमार सुमन**

**हर वर्ष अं**तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मई महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है। एक मई का दिन कामगारों के लिए खास दिन है।इस दिन को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाता है।यह दिन हर साल ज्यादातर देशों में एक मई को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में मजदूरों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।क्योंकि इसी दिन उनको सबसे बड़ा अधिकार मिला।उनके लिए काम का घंटा तय हुआ।इससे पहले कामगारों का काफी शोषण होता था।कामगारों को यूं ही यह अधिकार नहीं मिल गया।जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। दुनिया में मजदूर दिवस मनाने का चलन करीब 132 साल पुराना है। मजदूरों ने काम के घंटे तय करने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया।इसमें 11,000 फैक्टरियों के कम से कम तीन लाख अस्सी हजार मजदूर शामिल हुए।इस दौरान यह दुनिया के विभिन्न देशों में फैलने लगा। एक मई 1886 को पूरे अमेरिका के लाखों मजदूरों ने एक साथ हड़ताल शुरू की। इसकी शुरूआत 1886 में शिकागो में उस समय शुरू हुई थी, जब मजदूर मांग कर रहे थे कि काम की अवधि आठ घंटे हो और सप्ताह में एक दिन की छुट्टी हो।हड़ताल के दौरान एक व्यक्ति ने बम फोड़ दिया और प्रदर्शनस्थल पर अफरातफरी मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाई। गोलीबारी में कुछ मजदूरों की मौत हो गई, साथ ही कुछ पुलिस अफसर भी मारे गए।इस मामले में एक ट्रायल चला, जांच के अंत में चार अराजकतावादियों को सरेआम फांसी दे दी गई। हेमार्केट घटना, दुनिया भर के लोगों को क्रोधित करने का कारण बनी। बाद के वर्षों में, हेमार्केट शहीदों की स्मृति को विभिन्न मई दिवस नौकरी संबंधी कार्रवाई और प्रदर्शनों के साथ याद किया गया। इसके बाद 1889 में पेरिस में अंतरराष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया कि 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाए, तब से ही दुनिया के 80 देशों में मई दिवस को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाया जाने लगा।

## लोगों की जीवनशैली में अभिन्न हो चुका मोबाइल

**विजय गर्ग**

**लेकिन** सुविधा साबित हो रहा कोई सामान अगर हमारी सेहत के लिए बहुस्तरीय चुनौती खड़ी कर रहा हो तो एक बार ठहर कर उसके उपयोग को लेकर सजग होने की जरूरत है। हाल ही में मोबाइल और इसके उपयोग को लेकर हुए एक अध्ययन में जिस तरह की चिंताएं जाहिर की गई हैं, वे बताती हैं कि हर वक्त साथ रहने वाला मोबाइल मामूली लापरवाहियों की वजह से लोगों की सेहत के लिए चुपके-चुपके कई तरह के जोखिम पैदा कर रहा है, कई बीमारियों को न्योता दे रहा है। अध्ययन में यह पाया गया कि जो मोबाइल हमारे हाथ में एक तरह से अभिन्न होता गया है, वह दिखने में तो साफ-सुथरा लगता है, लेकिन वास्तव में शौचालय की सीट से भी गंदा होता है। कोई काम करते या खाते समय भी फोन का उपयोग करने के साथ-साथ उसे हर तरह की सतह पर भी रख दिया जाता है, जिससे उस पर रोगाणु जमा होते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे हाथ में आने के बाद उसका असर किन-किन शक्लों में हमारे शरीर में जाता होगा। यों मोबाइल फोन के उपयोग में अतिरेक के संदर्भ में अक्सर कई तरह की चिंता जताई जाती रही है। इसके बावजूद इसे लेकर जागरूकता का स्तर अभी पर्याप्त नहीं है और लोगों के बीच इसके जोखिम के प्रति लापरवाही आम दिखती है। जबकि जीवाणु और विषाणुओं की दुनिया कुछ ऐसी है कि पता भी नहीं चलता है और उसके संक्रमण से शरीर में कोई बड़ा नुकसान हो जाता है।

मोबाइल फोन के सूक्ष्मजीवी उपनिवेशन पर किए गए कई अध्ययनों में बताया गया है कि वे कई अलग-अलग प्रकार के संभावित रोगजनक जीवाणु से दूषित हो सकते हैं। ये जीवाणु त्वचा संक्रमण, डायरिया, तपेदिक से लेकर मूत्र पथ में संक्रमण तक के वाहक बन सकते हैं। नए शोधों के ऐसे संकेत ज्यादा चिंता का कारण होने चाहिए कि फोन पर कई रोगजनक जीवाणु प्रतिरोधी होते हैं। यानी इनकी वजह से हुई बीमारी का इलाज पारंपरिक दवाओं के जरिए नहीं किया जा सकता और अगर ये त्वचा, आंत या फिर श्वास नली में संक्रमण का कारण बन जाए तो किसी की जान भी जा सकती है। जाहिर है, शहरों-महानगरों से लेकर गांवों तक में लोगों की जीवनशैली में अभिन्न हो चुका है।

## न्यूज फ्लैश

### दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ जंतर मंतर पहुंचा हरियाणा आप नेतृत्व

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली/चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को जंतर-मंतर पहुंचे। उनके साथ प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर और वरिष्ठ नेता चित्रा सरवारा भी पहुंची। उन्होंने जंतर मंतर पर कुश्ती फेडरेशन अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे कुश्ती खिलाड़ियों को समर्थन दिया। आप राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर आप अपने देश से प्यार करते हैं तो इन बेटियों के समर्थन में आगे आएं और छुट्टी लेकर जंतर मंतर पर पहुंचे। हरियाणा प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने देश और प्रदेश के कुश्ती खिलाड़ियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस को तुरंत प्रभाव से कुश्ती फेडरेशन अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये खिलाड़ियों का दुर्भाग्य है कि पहले तो इन्हें एक एफआईआर दर्ज करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब दिल्ली पुलिस कुश्ती खिलाड़ियों को परेशान कर धरना स्थल से खदेड़ना चाहती है। फेडरेशन अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी होने तक आम आदमी पार्टी खिलाड़ियों के साथ है। उन्हें किसी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी। वरिष्ठ नेता डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि कुश्ती खिलाड़ी देश के लिए मेडल लाने का काम करते हैं, ये देश का नाम विश्व में रोशन करते हैं। ये किसी एक प्रदेश के नहीं हैं। इनका न्याय की मांग को लेकर जंतर मंतर पर बैठना दिखाता है कि बीजेपी सरकार महिला विरोधी के साथ न्याय विरोधी भी है। उन्होंने कहा दिल्ली पुलिस खिलाड़ियों को परेशान कर खदेड़ना चाहती है। खिलाड़ियों पर बेवजह दबाव बनाया जा रहा है।हरियाणा का नाम पूरे विश्व में रोशन करने वाले खिलाड़ी आज जंतर मंतर पर हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री खट्टर मूक दर्शक बने बैठे हैं। मुख्यमंत्री खट्टर कहां है? वे खिलाड़ियों के समर्थन में आगे क्यों नहीं आए ? जब खिलाड़ी मेडल लेकर आते हैं तो मुख्यमंत्री सबसे आगे होते हैं, अब जब प्रदेश के खिलाड़ियों को उनकी जरूरत है तो वे सामने नहीं आ रहे हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# निशुल्क एंबुलेंस सेवा देने से लोगों में हर्ष का माहौल

## देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी ने क्षेत्र की जनता के लिए 10 निशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू कर नेक कार्य किया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**देवा सोशल** वेलफेयर सोसायटी गन्नौर की तरफ से गन्नौर क्षेत्र में 10 निशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू होने से लोगों में हर्ष का माहौल है। अब एक कॉल पर मरीज के द्वार पर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध होने के साथ ही मरीज को समय पर इलाज मिल रहा है। शनिवार को श्री गौशाला गन्नौर मंडी व शाहपुर तगा में मोहनदास गौशाला कमेटी के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने देवा संस्था के संस्थापक देवेंद्र कादियान के नेक कार्यों को देखते हुए उनका भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया। देवेंद्र कादियान ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कोरोना काल के बाद से हार्ट अटैक समेत अन्य गंभीर बीमारियों ने जन्म ले लिया है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने पर व्यक्ति की मौत तक हो जाती है। उसने कोरोना काल में खुद झेला है, कई माह तक इलाज चलने तक हालत में सुधार हुआ है। उसी दिन से ठान लिया था कि गरीबों व जरूरतमंदों



लोगों के लिए निशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि डायल-112 की तर्ज पर एंबुलेंस सेवा काम कर रही है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 92807-92808 जारी किया गया है, जो 24 घंटे चालू रहता है। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण राठी, प्रधान रामकंवार छिक्कारा, महेश त्यागी, शेखर चंद जैन, धर्मबीर नंबरदार, राजबीर छिक्कारा, अशोक मास्टर, राधेश्याम त्यागी, अजय त्यागी, राजीव त्यागी घसौली, राज सिंह पांची, रामधन राठी, रणबीर, महासिंह, **ओम नंबरदार, सतबीर आदि मौजूद रहे।**

**एंबुलेंस चला देवा सोसायटी ने किया नेक कार्य:** श्री गौशाला गन्नौर मंडी के प्रधान कृष्ण राठी ने कहा कि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी ने क्षेत्र की जनता के लिए 10 निशुल्क एंबुलेंस सेवा शुरू कर नेक कार्य किया है। समय रहते अगर किसी की जान बच जाए तो इससे बड़ा कोई दूसरा पुण्य का काम नहीं है। सोसायटी ने एक एंबुलेंस उनकी गौशाला में समर्पित की है। इसका जरूरतमंद लोगों को फायदा मिलेगा।

**लगातार जनसेवा के कार्य कर रहे कादियानः प्रधान**

**व्यापार** मंडल के प्रधान शेखर चंद जैन ने कहा कि जनता जब अपने हलके से नेता को चुनकर विधानसभा भेजने का काम करती है तो उनसे उम्मीद लगा कर बैठती है कि अब तो शायद उनका भला हो जाएगा, लेकिन ऐसा कतई नहीं होता है। गन्नौर में देवा वेलफेयर सोसायटी लगातार जनसेवा के लिए अनेकों कार्य कर रही है। सही मायने में देवेंद्र कादियान निस्वार्थ भाव से काम कर रहे है। इसमें इनका कोई स्वार्थ नहीं छिपा है।

## 560 ग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला** पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर हरदीप सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी गांव चौगामा जिला करनाल को काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से हाथ में ली हुई एक पॉलिथीन में से 560 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि आरोपी डोडा पोस्त का नशा करने का आदी है और आरोपी उपरोक्त डोडा पोस्त को कैथल जिले के गांव मंडवाल के रहने वाले आरोपी भूपेंद्र उर्फ.कीड़ा पुत्र सरबजीत सिंह से पैंतीस सौ रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदकर लाया था। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया। आरोपी जिस व्यक्ति से डोडा पोस्ट खरीद कर लाया था, उस व्यक्ति की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## सूर्य नमस्कार शरीर के लिए है संपूर्ण व्यायाम: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के तत्वधान में सवा लाख सूर्य नमस्कार का अभियान अब गांवों में भी पहुंच गया है। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने ऊंचा समाना गांव के लोगों को योग प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया, जिसमें बच्चे-बूढ़े सभी ने बढ़-चढकर भाग लिया। मिशन के सदस्य पवन सैनी और अनुज जैन ने विशेष रूप से शिविर में सहयोग दिया।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि आसपास के सभी गांवों में भी सूर्य नमस्कार का अभियान शुरू किया जाएगा, ताकि अन्य गांव के लोग भी इस सूर्य नमस्कार अभियान का हिस्सा बन सकें और योग के



महत्व को समझ सकें। इसके अतिरिक्त स्कूलों और कॉलेजों में भी इस अभियान के तहत शिविर लगाए जाएंगे और विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जोडने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार मंत्रों और व्यायाम सहित सूर्य उपासना की प्रणाली है। सूर्य नमस्कार योग के बेहद जबरदस्त लाभ होते हैं। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में शक्ति और ओज की वृद्धि होती है। सूर्य में जितनी रोग नाशक शक्ति है, उतनी संसार के अन्य किसी चीज में नहीं।

सूर्य नमस्कार शरीर के लिए संपूर्ण व्यायाम है। प्रातःकाल किए गए सूर्य नमस्कार के सेहत को गजब के फायदे होते हैं।

शिविर में सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट सुरेंद्र कुमार, पंच सोनू सैनी, कोच संदीप कुमार, मास्टर पप्पू खान, सुखराम पाल, रोहतास, राजेश, रामकुमार, विशाल और नितिन सैनी आदि मौजूद रहे।

## एआइडीवाईओ ने महिला पहलवानों के यौन-उत्पीड़न के खिलाफ केंद्र सरकार का किया पुतला दहन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। भारतीय** कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं बीजेपी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के यौन-उत्पीड़न के खिलाफ शनिवार को नौजवानों के संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गनाइजेशन ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। डीवाईओ के जिला प्रधान मास्टर बिजेंद्र ने कहा कि सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला है। खेलों द्वारा देश का गौरव बढ़ाने वाली महिला खिलाड़ियों को आज अपनी इज्जत



-आबरू बचाने और न्याय के लिए जंतर मंतर पर दिल्ली में धरना देने पर मजबूर होना पड़ रहा है , जो सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की पोल खोलने वाली है। सरकार को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए लेकिन इसके उलट सरकार अपराधियों को बचाने में लगी हुई है। सरकार भारतीय संस्कृति व महिला सम्मान की बात तो करती है लेकिन 3 महीने के बाद भी अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई ना करना सरकार की नियत में खोट साबित करता है।

## आर्य बाल भारती स्कूल में शिक्षिका दर्शना के विदाई समारोह का आयोजन

**पानीपतः** आर्य बाल भारती के सभागार में शनिवार को श्रीमती दर्शना की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप सिंह कादियान ने की और दर्शना शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में पूरा मान सम्मान दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापकाओं ने अनेकों उपहार देकर दर्शना शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि दर्शना शर्मा संस्कृत और हिंदी की विशेषज्ञ मानी जाती रही है।

## 'करनाल में 13 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर ने बताया कि अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए 13 मई को सत्र न्यायालय करनाल, इंद्री एवं असंध में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर के कुशल मार्गदर्शन में और हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किया जाएगा। इसके अलावा अधिकरणों और उपभोक्ता विवादों, वरिष्ठ नागरिकों, श्रम मामलों आदि के आयोगों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से एमएसीटी के अधिकतम मामलों के निपटारे के लिए विभिन्न बीमा कंपनियों के साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। बीमा कंपनियों और अधिवक्ताओं के प्रतिनिधियों के साथ इस पर चर्चा की जाएंगी कि वे मामलों के निपटारे के लिए गहरी दिलचस्पी लेंगे ताकि न्यायालयों में लंबित मामलों को कम किया जा सके। लोक अदालत प्रणाली के लाभों और पार्टियों के बीच आपसी समझौते को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में मामलों के निपटारे की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में



दुर्घटना के दावों, चेक बाउंस, बैंक वसूली, जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित दीवानी विवाद और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित मामलों सहित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी होंगे। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सभी माध्यमों से किया जाएगा, जिसमें व्हाट्सएप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और यहां तक कि कोर्ट परिसर में भौतिक उपस्थिति भी शामिल है। किसी भी व्यक्ति का किसी भी न्यायालय के समक्ष विवाद होने पर वह अपना मामला राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष सुलझा सकता है। अपने लंबित मामले को लोक अदालत में भेजने के लिए अधिक जानकारी और सहायता के लिए वे अपने मामले को लोक अदालत के संदर्भ के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनुमंडल विधिक सेवा समितियों और टोल फ्री नम्बर 0184-2266138 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पशु-पक्षी ब्रह्मांड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं: डा. एसएस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**रैड रिबन** युवा क्लब की ओर से विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पैट केयर सेंटर एंड वैटरनरी डायगनोस्टिक लैबोरेट्री साई मंदिर लेन निर्मल विहार करनाल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा रत्न अवार्डी जोगिंद्र रांवर ने पहुंचकर डा.एसएस चौधरी, डा. नरेंद्र सिंह व डा. विशाल खोखर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डा. एसएस चौधरी ने बताया कि पशु-पक्षी ब्रह्मांड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और ये मनुष्य के काफी करीब रहते हैं। मनुष्यों की तरह यह भी कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाते



हैं और इनमें से काफी बीमारियां इंसानों में भी फैल जाती हैं। इसलिए आमजन से अपील है कि पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य, रख रखाव का उचित ध्यान रखना चाहिए।

डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि इस दिन को याद करके पशु स्वास्थ्य और कल्याण को बढावा दिया जाता है। डा. विशाल खोखर ने कहा कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस का उद्देश्य उस महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करना है, जो पशु चिकित्सक जानवरों और सामान्य समाज के स्वास्थ्य और कल्याण दोनों में निभाते हैं।

जोगिंद्र रांवर ने बताया कि हर साल अप्रैल के आखिरी शनिवार को दुनियाभर के लोग विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाते हैं और यह दिन उनकी देखभाल करने वाले पशु चिकित्सकों को सम्मानित करने का दिन है। पशु चिकित्सा पेशेवरों को अकसर परोपकारी, सहानुभूतिपूर्ण और सामान्य रूप से जानवरों के बारे में चिंतित के रूप में देखा जाता है। इस अवसर पर जयभगवान कश्यप, विजय कुमार, रामदास, रवि कुमार व रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पानीपत चैंबर के उद्योगपति भी अपने कर्मचारियों के साथ सुनेंगे मन की बात: विनोद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन विनोद धमीजा ने जीटी रोड स्थित एक होटल में शनिवार को चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों के साथ मीटिंग की। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के 30 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम को लेकर विचार किया गया। चैंबर की बैठक में ही भाजपा की जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता व अन्य भाजपा नेताओं ने भी भाग लिया। डा. अर्चना गुप्ता ने सभी उद्योगपतियों से अपील करते हुए कहा कि वे भी अपने कर्मचारियों के साथ 30 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम को जरूर सुने। चैंबर के चेयरमैन विनोद धमीजा ने भाजपा जिला अध्यक्ष व अन्य भाजपा नेताओं को आश्वासन दिया कि पानीपत के उद्योगपति भी अपने-अपने कर्मचारियों के साथ रिकार्डतोड़ संख्या में पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे और इसके लिये पर्याप्त संख्या में फैक्टरियों में इंतजाम किये जा रहे है।

इस अवसर भाजपा के वरिष्ठ नेता नीति सेन भाटिया, विधायक महीपाल ढांडा के भाई एवं उद्योगपति हरपाल ढांडा, पूर्व मेयर भूपिंद्र सिंह, सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया, भाजपा मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा, चैंबर के सचिव राजीव अग्रवाल, उप प्रधान राम प्रकाश गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष अतुल मित्तल आदि मौजूद रहे।

## जीडी गोयन स्कूल में किया गया अभिवादन समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़**

**शहर के** एचएल सिटी में स्थित जी डी गोयनका स्कूल में पांचवी से छठी कक्षा में आने वाले विद्यार्थियों का उनके अभिभावकों के साथ अभिवादन किया गया। जिसमें बच्चों में आने वाले मानसिक , शारीरिक व शैक्षणिक बदलाव से रूबरू करवाया गया। इसके साथ-साथ अभिभावकों को यह भी बताया गया कि इस सत्र में शिक्षा पद्धति को कैसे आसान व रुचिकर बनाया जाएगा। अभिभावकों के अभिनंदन के लिए छात्रों के द्वारा मधुर स्वर में एक गाना प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के साथ-साथ सड़क सुरक्षा सेल के प्रभारी एसआई



सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को सडक हादसों से बचने के उपाय सुझाए विद्यार्थियों को बताया कि मोटर वाहनों के बढ़ते चलन और लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं जो 90% हादसे युवाओं के द्वारा यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण हो रहे हैं जरा सी लापरवाही जानलेवा हो रही है। वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर का आंकड़ा देश में सर्वाधिक है जिसका मुख्य कारण सड़कों पर दोपहिया वाहनों का चलाना ,तीन से चार सवारियों का बैठना, बिना हेलमेट के वाहन तेज रफ्तार से चलाना 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहनों का प्रयोग करना आदि।

सतीश ने ये सभी बातें उदाहरणों द्वारा समझाते हुए "स्वयं बचो अपनों को बचाओ "का संदेश दिया। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ सुचित्रा भट्टाचार्य ने जागरूकता अभियान के दौरान यातायात के नियमों का विद्यार्थियों द्वारा नियमित रूप से पालन करने की सलाह दी। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अन्य अनिवार्य सुरक्षा संकेतों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का परम परम कर्तव्य है ।"नजर हटी दुर्घटना घटी "के संदेश द्वारा विद्यार्थियों को सतर्क किया गया। इस कार्यक्रम से अभिभावक काफी प्रसन्न नजर आ रहे थे।

# चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया ने बच्चों को किया जागरूक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चाइल्ड** सर्वाइवल इंडिया संस्था द्वारा सेसेम वर्कशॉप इंडिया के सहयोग से एमसीडी प्राईमरी स्कूल नरेला नंबर-2 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम की थीम थी 'मेरा प्लेनेट मेरा घर, हम हैं प्लेनेट के हीरोज'। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में स्कूल इंस्पेक्टर महिपाल, प्रतिभा नंबर-1 स्कूल की प्रिंसिपल निर्मला शर्मा और प्राइमरी विद्यालय नंबर-2 की प्रिंसिपल सुशीला कुमारी को सीएसआई संस्था की परियोजना निदेशक शीला मान द्वारा बच्चों से ऑक्सीजन प्रवाहित गमले देकर अतिथियों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम में बच्चो ने हर्बल गार्डन, कम्पोस्ट खाद, साफ और सुरक्षित हवा और कचरा प्रबंधन के बारे में अपनी जानकारी को साझा किया। इसके अलावा बच्चो ने ये भी बताया कि हवा को किस तरह से साफ किया जा सकता हैं। घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबीन में रख कर कचरे का पुनः उपयोग में कैसे लाया जा सकता है। बच्चो ने ये भी साझा किया की इस प्रोग्राम से जुड़कर हमने पेड़-पौधों के महत्व को समझा। जो हमें ऑक्सीजन के साथ दूषित हवा को साफ करके शुद्ध हवा भी देते हैं। चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया संस्था की प्रमुख व अध्यक्षा दीपा बजाज के अथक प्रयासों से संस्था वर्तमान में 10 राज्यो में विभिन्न विषयों पर जन जागरूकता अभियान के तहत कार्य कर रही है।

# जहांगीरपुरी वार्डः क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर दिया जा रहा है ध्यानः शर्मा

**पार्षद ने कहा...**

= मैंने कर्मचारियों को सख्त निर्देश दे रखे है कि सभी जिम्मेदारी से कार्य करे और कार्य में कोताही न बरते।
= क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का किया जा रहा है उचित समाधान: टिम्सी सुरेश शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहांगीरपुरी** वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मैंने सफाई कर्मचारियों को सख्त निर्देश दे रखे है कि सभी कर्मचारी कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरते। उन्होंने आगे बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं और जनता की जो भी समस्याएं है उसका समाधान कर रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से कहा कि अगर क्षेत्र कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमारे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले।



वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी पार्क का निरीक्षण करते हुए साथ में है कई गणमान्य लोग।

# आतिशी ने कोरोना योद्धा के परिवार को सौपी एक करोड़ रुपए की राशि





**टीम एक्शन इंडिया न्यूज/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार द्वारा कोरोना योद्धाओं को सम्मान देने के लिए शुरू किए गए योजना के तहत शनिवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिवंगत कोरोना योद्धा मदन लाल के परिवारों को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि सौंपी। दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग में बतौर सिविल डिफेंस वॉलंटियर कार्यरत मदन लाल कोरोना के दौरान एक वैक्सीन सेंटर पर तैनात मदन लाल लोगों की सेवा करते हुए स्वयं संक्रमित हो गए और अपनी जान गँवा दी। कोरोना योद्धा मदन लाल के इस बलिदान के लिए केजरीवाल सरकार ने उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की सम्मान राशि दी। इस मौके पर मंत्री आतिशी ने कहा कि कोरोना योद्धाओं ने महामारी के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना ड्यूटी पर मुस्तैदी के साथ काम किया और नागरिकों की इस महामारी से सुरक्षा की। उन्होंने कहा कि देश इन वीर कोरोना योद्धाओं के बलिदान को सलाम करता है। उन्होंने कहा कि कोरोना योद्धाओं के बहादुरी और त्याग के मिसाल को हम कभी नहीं भूल पाएंगे उनके परिवार के हर दुख हर संकट में दिल्ली सरकार सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी यह हमारा वादा है। मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार हमेशा कोरोना योद्धाओं के परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली सरकार की ये योजना कोरोना योद्धाओं के परिवार को ये आत्मविश्वास देती है कि सरकार और समाज हमेशा उनके साथ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार कोरोना योद्धाओं के जज्बे को सलाम करती है।

# जीएचपीएस इंटर स्कूल में 'गुरमति क्विज प्रतियोगिता' हुई संपन्न

## 'प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को सिख कौम के इतिहास से जोड़ना है'





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सिख** धर्म के प्रचार-प्रसार को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु तेग बहादुर जी की 400वीं जयंती और सरदार जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जयंती को समर्पित इंटर जी.एच.पी.एस गुरमति प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें हरगोबिंद एन्क्लेव ने प्रथम, फतेह नगर द्वतिय व कालकाजी के गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों व धर्म प्रचार विभाग के अध्यक्ष जसप्रीत सिंह कर्मसर द्वारा मुकाबले के विजेताओं को संयुक्त तौर पर पुरस्कार वितरित किए गए। दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के इतिहास में यह पहली बार है जब इस प्रकार की गुरमति क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# कलावती हॉस्पिटल वर्कर यूनियन की नई कार्यकारणी घोषित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** पब्लिक हेल्थ एलाइंस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव प्रक्रिया के अनुसार कार्य संचालन करते हुए चुनाव अधिकारी अरविंद सरोहा द्वारा कलावती हॉस्पिटल वर्कर यूनियन (रजिस्टर्ड) की नई कार्यकारणी घोषित की। इसके अनुसार विक्रम उमारबाल अध्यक्ष, बबीता यादव उपाध्यक्ष, यसविंदर लोचव महासचिव, भोला प्रसाद सह सचिव, रमेश प्रसाद कोषाध्यक्ष के पद पर चुने गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विजेंदर खंडेरा, विमला, ताराकांत, सुनील कुमार, संजय कुमार और पूनम को सर्वसम्मति से चुना गया। यूनियन के पूर्व अध्यक्ष एसएस नेगी ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज सरकार/प्रशासन यूनियनों को खत्म करने के नए-नए तरीके अपना रही जबकि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों जैसे आउटसोर्सिंग, निजी करण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के नाम पर कर्मचारियों की छंटनी जैसे नीतियों के लिए जुझारू यूनियन और कर्मचारियों का होना बहुत जरूरी है। साथ ही रिक्त पड़े पदों को भरा नहीं जा रहा है, जिसके कारण काम का बोझ बढ़ रहा है। कर्मचारियो की भर्ती नहीं हो रही है। इन पर सभी कर्मचारी यूनियनों को एकजुट होकर करना होगा।
नेगी ने यूनियन को आश्वासन दिया कि मैं डिपार्टमेंटल काउंसिल के नाते भी हर समय आपके साथ हूं मुझे भरोसा है कि कलावती हॉस्पिटल वर्कर्स यूनियन की जो अग्रणीय भूमिका में रही है। नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार, महासचिव भारत वीर और हरीश त्यागी, वी.एस. दहिया, विकी कपूर, जीबी पंत कर्मचारी यूनियन के महासचिव पवन वर्मा, लोकनायक पैरामेडिकल टेक्निकल एंप्लाइज यूनियन अध्यक्ष सुजाता मखीजा मौजूद रहे।



दिल्ली सरकार में कमेटियों की जिम्मेदारी मिलने पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता का अभिनंदन करते हुए अशोक विहार मार्किट के लोग।

# मॉडल टाउन: पीएम मोदी ने किया देश का विकास: अनिल यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में अनिल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का विकास करके दिखाया है। यही कारण है कि देश सहित विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की तारीफ हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शहरों में जहां विकास की बयार दौड़ाई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास करके दिखाया है। यही कारण है कि देश के किसान भी पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है।



मॉडल टाउन विधानसभा में अशोक गोयल ने आधार कार्ड कैंप का आयोजन किया। जिसका उद्घाटन जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने किया। साथ में है पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद, प्रेमचंद गुप्ता, सीमा निगम, अनिल यादव व अन्य लोग।

# मॉडल टाउन: गरीबों की सभी को करनी चाहिए मदद: विपिन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी छात्र विंग दिल्ली प्रदेश के पूर्व सचिव विपिन कुमार ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। जिससे की पौधे सुरक्षित रहे।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए और उस पौधे की देख-रेख भी करनी चाहिए।
उन्होंने आगे कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, हम सभी की जिम्मेवारी है, इसलिए सभी पौधारोपण करें।

# 'हर चाइल्ड केयर होम में साफ-सफाई का रखा जाए खास ख़्याल'

## लाजपत नगर चाइल्ड केयर होम के औचक निरीक्षण के बाद अधिकारियों को महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने दिया निर्देश



**महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने कहा...**

= हर चाइल्ड केयर होम में साफ-सफाई का रखा जाए खास ख़्याल ,शिकायत मिलने पर नापेंगे अधिकारी: महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी
= चाइल्ड केयर होम में आने वाले बच्चों को उनके स्याह अतीत से उबारने के लिए तैयार करें अनुकूल वातावरण: महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल** सरकार के सभी चाइल्ड केयर होम में बच्चों को सर्वोत्तम देखभाल और सुविधाएं प्राप्त हों। इस बाबत महिला एवं बाल विकास मंत्री आतिशी ने विभाग के अधिकारियों को तत्काल सभी चाइल्ड केयर होम के निरीक्षण करने का आदेश जारी किया है। मंत्री आतिशी द्वारा यह आदेश लाजपत नगर स्थित चाइल्ड केयर होम के उनके औचक निरीक्षण के बाद लिया गया। जहां निरीक्षण के दौरान मंत्री आतिशी ने वहाँ कई लापरवाही पाई। इस बाबत महिला एवं बाल विकास मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई है और उन्हें आदेश दिए है कि अधिकारी दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी चाइल्ड केयर होम का निरीक्षण करे और 15 मई तक अपने निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने आदेश में कहा कि, चाइल्ड केयर होम में आने वाले बच्चों एक स्याह अतीत से गुजरे होते है और उन्हें विशेष देखभाल की जरूरत होती है। उन्हें ऐसे माहौल में रहने की जरूरत है जो उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके।ऐसे में इन बच्चों को सम्मानित जीवन जीने का अवसर प्रदान करना और उनकी शिक्षा जारी रखना केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है और इस मामले में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महिला ईवीएम बाल विकास मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेने और संवेदनशीलता से काम करने का आदेश दिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाल गृहों का रखरखाव अच्छी तरह से हो और बच्चों को सबसे अच्छी देखभाल और सुविधाएं प्रदान की जाएं। आदेश में मंत्री आतिशी ने विभाग को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं कि इन चाइल्ड केयर होम का निरीक्षण किया जाए ताकि वहां रहने वाले बच्चों के जीवन को प्रभावित करने वाली हर छोटी से छोटी बात का पता लगाया जा सके।

# वार्ड 17 में दी गई विकास कार्यों की सौगात

## मेयर निखिल मदान ने विधायक सुरेंद्र पंवार, निगम पार्षद नवीन तंवर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर किया विकास कार्यों का शुभारम्भ, वार्डवासियों ने फूल मालाओं से किया विधायक, मेयर और पार्षद का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम मेयर** निखिल मदान ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। मेयर निखिल मदान वार्ड 17 पहुंचे जहाँ उन्होंने विधायक सुरेंद्र पंवार और निगम पार्षद नवीन तंवर के साथ मिलकर गली निर्माण और अन्य विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि आज वार्ड 17 में 70 लाख 83 हजार के विकास कार्यों को शुरू किया गया है। जिसमे वार्ड के आर्य नगर की विभिन्न गलियों को 60 लाख की लागत से मास्टिक पद्धति से पक्का किया जाएगा। मेयर



निखिल मदान ने बताया कि निगम पार्षद नवीन तंवर के माध्यम से वार्डवासियों की कुछ समस्याएं उनके संज्ञान में आयी थी जिन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज उनका समाधान किया गया है। आर्य नगर में पुरानी कचहरी के पास बने सामुदायिक केंद्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 10 लाख 83 हजार ? की लागत से बिजली फिटिंग एवं विभिन्न मरम्मत कार्यों का काम आज शुरू किया गया है जिससे क्षेत्रवासियों को यहाँ अपने सामाजिक कार्यों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

**8 जल्द ही सोनीपत की सभी सड़कों की कायाकल्प की जाएगी, वहीं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाया जा रहा**

मौके पर मौजूद वरिष्ठ नागरिक भगत सिंह आर्य ने नारियल फोड़कर विकास कार्यों का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। मेयर निखिल मदान ने बताया की निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रूप से मूलभूत सुविधाएँ मुहैया करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसी कड़ी में हर वार्ड में विकास कार्यों को शुरू किया जा रहा है। जल्द ही सोनीपत की सभी सड़कों की कायाकल्प की जाएगी ,वहीं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है। इस मौके पर पार्षद नवीन तंवर,भगत सिंह आर्य ,सुभाष जैन,सुरेश मित्तल,सुरेश गर्ग,नरेश वशिष्ठ,प्रदीप गोयल,राजीव गर्ग,सुरेंद्र भारती,बलवान सिंह,संदीप मलिक,नरेंद्र,राकेश,हरेन्दर राठी,सुरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन की जागरूकता के बावजूद भी गेहूं के पास को जला रहे हैं किसान




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**क्षेत्र के विभिन्न** इलाकों के खेतों में मशीन से गेहूं कटवाने के बाद बचे हुए फांस को जलाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। फांस को जलाने से उठ रहे धुएं से प्रदूषण फैल रहा है, लेकिन प्रशासनिक अफसर एक्शन में नजर नहीं आ रहे हैं। खेतों में उर्वरा शक्ति भी कम हो रही है। सब कुछ जानकर आला अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। क्षेत्र के गांव राजपुर, भिगान,सहित विभिन्न गांवों में प्रशासन की सख्ती के बावजूद किसान लगातार खेतों में फांस को धड़ल्ले से जला रहे हैं। कृषि विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा कटाई के बाद अवशेष न जलाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन कुछ किसान इन जागरूकता कार्यक्रमों की धज्जी उड़ाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। कटाई का काम अंतिम चरण पर है। किसानों का मानना है कि गेहूं की कटाई के बाद धान की रोपाई के लिए अपनी जमीन को बुवाई करके छोड़ देंगे । इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी । इसलिए किसान गेहूं के फांस को वहीं पर जला देते हैं। जिससे पर्यावरण प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है।

**खेत में किसी भी फसल का अवशेष जलाना उचित नहीं : मोर** कृषि विशेषज्ञ रणबीर मोर ने बताया कि खेत में किसी भी फसल का अवशेष जलाना उचित नहीं है। पराली जलाने से प्रदूषण तो बढ़ता ही है।
साथ में जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। अवशेष जलाने से जमीन में कई मित्र कीट मर जाते हैं। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। इस लिए सभी किसान खेतों में पराली न जलाएं। मिट्टी पलट हल से गहरी जुताई कराई जाए।

**जागरूकता के बाद भी गेहूं के फांस को जलाना गलत : आनंद** कृषि अधिकारी डॉ आनंद श्योराण ने बताया कि जागरूकता के बाद भी अगर किसान के गेहूं के फांस को जला रहे हैं तो वह गलत कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि इसके बावजूद भी किसान नहीं मानते तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### ठेके पर लूट व व्यापारी से 50 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में तीन गिरफ्तार, एक नाबालिग



**टीम एक्शन इंडिया/ दिनेश यादव**
**महेन्द्रगढ़।** सतनाली क्षेत्र में 50 लाख की रंगदारी मांगने व फायरिंग कर ठेके से 20 हजार की नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग के अलावा तीन आरोपियों को पकड़ा है। सतनाली क्षेत्र के श्यामपुरा में संचालित शराब के ठेके में लूट की वारदात के मामले में दो आरोपियों को थाना सतनाली की पुलिस टीम ने गुरुवार शाम को सतनाली इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी जोगेंद्र उर्फ धोलिया की महिला मित्र को भी गिरफ्तार किया है जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चरखी दादरी जिले के गांव धनासरी के रहने वाले संदेश और सतनाली के गांव श्यामपुरा के रहने वाले वीरेन उर्फ अरुण के रूप में की गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों ने गिरफ्तार आरोपी संदेश की बाइक का प्रयोग किया था। आरोपी वीरेन उर्फ अरुण ने सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपियों को पुलिस की सूचना देकर उन्हें भगाने में मदद की थी। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। बता दें कि बुधवार शाम को ठेके पर तीन युवक हथियार के साथ पहुंचे थे। तीनों आरोपी सेल्समैन से लगभग 20 हजार रुपये लेकर फरार हो गए थे। एक आरोपी को शिकायतकर्ता ने पहचान लिया था जिसकी शिकायत सेल्समैन ने थाना सतनाली में दर्ज कराई थी। जिसने बताया कि करीब 3 बजकर 50 मिनट पर बाइक सवार तीन युवक आए और पिस्तौल निकालकर पैसे मांगने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए गल्ले से करीब 20 हजार रुपये लूट लिए। आरोपी जाते समय बोल कर गए कि तेरे मालिक को बता देना सतनाली में भी गोली चलाकर आया हूं। शिकायतकर्ता ने एक नामजद और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू दी। एसपी विक्रांत भूषण ने मामले में संज्ञान में लेते हुए पुलिस को निर्देश दिए कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### फसलों के अवशेष न जलायें, करें उचित प्रबंधन- उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत: उपायुक्त ललित** सिवाच ने किसानों से अपील की कि वे गेंहू फसल के फानों को किसी भी सूरत में न जलायें। उन्होंने कहा कि किसान गेहूं फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेष जलाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। इसके अत्यधिक नुकसान हैं, जिनसे बचने के लिए किसानों को गेंहू के फानों को जलाना बंद करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि रबि की फसल की कटाई हो चुकी है। ऐसे में किसानों को फसलों के अवशेषों के उचित प्रबंधन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। किंतु बहुत से किसान अवशेषों को जलाते हैं जो कि उचित नहीं है। फसल अवशेषों को जलाने से कोई लाभ नहीं मिलेगा। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। उपजाऊपन कम होने से पैदावार भी कम होती है। साथ ही भूमि में किसानों के मित्र कीट भी खत्म होते हैं। इसलिए किसानों को फसलों के अवशेष नहीं जलाने चाहिए। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि फसलों के अवशेष जलाने से पर्यावरण भी बुरी तरह से दूषित होता है। जबकि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण की जरूरत है। इसके लिए हर संभव प्रयास करने की जरूरत है। एकजुटता के साथ हमें इस दिशा में प्रयास करने होंगे। इसमें किसान गेंहू की फसलों के अवशेष जलाने की बजाय उचित प्रबंधन करके बेहतरीन सहयोग दे सकते हैं। अवशेष जलाने से श्वांस के रोगियों के लिए भी अत्यधिक परेशानियां उत्पन्न होती है।

उपायुक्त ने चेतावनी दी कि फसलों के अवशेष जलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए टीमें गठित की गई है। इस पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अतः किसानों को फसलों के अवशेष नहीं जलाने चाहिए। अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्र मौजूद हैं, जिनकी सहायता से बेहतरीन प्रबंधन किया जा सकता है। अवशेषों से खाद भी तैयार की जा सकती है।

# माता की चौकी में सजा मां वैष्णो देवी का दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल। न्यू** टाईगर क्लब नारनौल (रजि.00030) द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को किसी ना किसी भक्त के निवास स्थान पर माता की निशुल्क चौकी का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को माता की चौकी का आयोजन रेवाड़ी रोड पर अशोक कुमार मधु यादव के निवास स्थान पर मां वैष्णो देवी का सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में सर्वप्रथम पंडित नवीन शास्त्री ने मुख्य यजमान अशोक कुमार मधु यादव के कर कमलों द्वारा संपूर्ण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना



करवाते हुए माता की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाई। क्लब के टिंकू जैन ने बताया कि माता की पावन ज्योत घर में जगाने से घर में सुख और समृद्धि आते है माता की चौकी लगाकर मां का गुणगान करने का सौभाग्य किस्मत वालों को प्राप्त होता है। इस मौके पर महंत नंदकिशोर जी को माता रानी का पटका बनाकर सभी ने उनका आशीर्वाद लिया, भजन संध्या की शुरूआत विकास म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गणेश वंदना करके की गई इसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायक कार नरेंद्र बंसी, पवन सोनी, वीरेंद्र ट्रेलर, काशी भगत, सुमित्रा, जितेश गुप्ता और अंत में नवीन वशिष्ठ ओर परमानंद वर्मा ने माता के सिंगार के रचना सुनाकर भक्तिपूर्ण भजनों से चौकी में उपस्थित सभी भक्तजनों को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। मुख्य यजमान द्वारा उपस्थित सभी भजन गायकों व क्लब सदस्यों को माता की चुनरी ओढाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के संजय सैनी, राहुल वर्मा आरडी, दिनेश शर्मा, मुकेश वालिया, नवनीत चौधरी, शेर सिंह बबली बोहरा, नितीन गुप्ता, मनमोहन बोहरा काफी भक्तजन मौजूद रहे।

# छात्रों ने नृत्य कर दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**चाइल्ड** केयर इंटरनेशनल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में प्रतिभा खोज का आयोजन हुआ। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह से भाग लिया और अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन किया ।जिसमें शिक्षक? मनजीत सुमित ,अमीषा ,कोमल व अमित ने निर्णायक की भूमिका निभाई। विद्यालय के निदेशक अजय यादव एवं प्रधानाचार्या अक्षिदा आहूजा ने बच्चों को नृत्य के लिए प्रोत्साहित किया । विद्यालय के संगीत अध्यापक मंजीत ने मंच पर संगीत व्यवस्था को संभाला। इस मौके पर शिक्षक अमित, ज्योति, राखी, लवली, शशि, प्रिया, संगीता, कुसुम, सुमित, ललिता, सुमति, अमीषा, दीप, पूनम, नीलम, कोमल, सुरेंदर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना 88वें दिन भी जारी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**मण्डी** अटेली अण्डरपास निर्माण संघर्ष समिति का धरना आज 88वें दिन भी जारी रहा। आज की धरने की अध्यक्षता महावीर यादव चन्दपुरा ने की तथा संचालन डॉ राजेन्द्र प्रसाद खरब तोबड़ा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीणों की मांग जनहित में है तथा मानवीय पहलू को ध्यान में रखते हुए भी इस अण्डरपास का निर्माण कार्य बेहद जरूरी है , क्योंकि रेलवे ट्रैक के दूसरी ओर गांव तोबडा.के श्मशान घाट पर अन्तिम शवयात्रा में जाने के लिए चार -चार रेलवे लाइन पार



करनी पड़ती है, जो रेलवे के इस व्यस्ततम ट्रैक पर कभी भी जानलेवा सिद्ध हो सकती है। इसलिए यह अण्डरपास निर्माण कार्य लोगों के अनमोल जीवन व सुरक्षा से जुड़ा हुआ है,जिसे तत्काल संज्ञान में लिया जाना मानवीय पहलू होगा। उन्होंने कहा कि मण्डी अटेली फाटक नंबर 30 पर रेलवे फ्रंन्ट कोरिडोर निकालते समय 4 वर्ष पहले अण्डरपास निर्माण हेतु जरूरी निर्माण सामग्री प्लेट व ब्लाक अण्डरपास निर्माण वाली जगह पर डाले हुए हैं।

# अलग-अलग मोबाइल नंबरों से परेशान कर जान से मारने की धमकी

**गन्नौर** । गन्नौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में झज्जर के एक युवक पर नए-नए मोबाइल नंबरों से कॉल करके मानसिक रूप से परेशान करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस में मामला दर्ज करवाया है । पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि झज्जर जिले के गांव नवादा निवासी दिनेश अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल करके उन्हें मानसिक रूप से परेशान करने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है । शिकायत में आरोप है कि मैंने एक मुकदमा 6 फरवरी को थाना गन्नौर में आरोपित दिनेश के खिलाफ दिनेश मामला दर्ज करवा रखा है।

# सोनीपत की मंडियों व खरीद केंद्रों मे 03 लाख 27 हजार 825 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

## 106825, हैफेड द्वारा 124404, एचडब्ल्यूसी द्वारा 67250 व एफसीआई द्वारा 29346 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 लाख 27 हजार 825 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 03 लाख 27 हजार 825 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 106825 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 124404 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 67250 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 29346 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 4200 मीट्रिक टन, भैसवाल खरीद केन्द्र पर 4701 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 1262 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केन्द्र पर 4652 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 12645 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 22976 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मण्डी में 116121 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द्र पर 10556 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 8212 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 5017 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मण्डी में 47027 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केन्द्र पर 5701 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 9315 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 6285 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 17414 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 3556 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 13687 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 7771 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 21404 मीट्रिक टन तथा सोनीपत साइलो में 5323 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।

उपायुक्त सिवाच ने बताया कि 03 लाख 27 हजार 825 मीट्रिक टन गेहूं को 15729 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है। डीआईपीआरओ स्पे0 01

# मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड आज सुबह 11 बजे

## टोलियां बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनेंगे नागरिक, 2014 में शुरू हुआ था मन की बात कार्यक्रम




**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**इस** रविवार 30 अप्रैल को मन की बात कार्यक्रम के 100 एपिसोड पूरे होने वाले हैं। इस कार्यक्रम के साथ जन-जन को जोड़ने के लिए सूचना जनसंपर्क भाषा तथा संस्कृति कार्य विभाग हरियाणा द्वारा भी विशेष व्यवस्था की गई है। जिला महेंद्रगढ़ में सामुदायिक रेडियो अरावली पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आज सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेंद्र कादियान ने औद्योगिक एरिया में स्थापित सामुदायिक रेडियो अरावली केंद्र का दौरा किया।
उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा में लगभग 10 हजार स्थान पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाएगा। इस कार्यक्रम को खास बनाने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रेडियो प्रसारण मन की बात की 100 वीं कड़ी को अभूतपूर्व जनसंपर्क कार्यक्रम बनाने को कार्यक्रम सुनने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि देश के नागरिक टोलियां बनाकर इस कार्यक्रम को सुनेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री विभिन्न राष्ट्रीय तथा सामाजिक मुद्दों पर रेडियो के जरिए देश की जनता से रूबरू होंगे।
उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वर्ष 2014 में शुरू हुआ था जिसके बाद यह लगातार जारी है। जिला महेंद्रगढ़ में आगामी 30 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे सामुदायिक रेडियो अरावली 90.4 मेगाहर्ट्ज पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को अधिक से अधिक नागरिक रेडियो के जरिए सुनें इसके लिए विभाग की भजन मंडली अभी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दे रही हैं।

# जानकीदास स्कूल की तरफ जाने वाली सड़क होगी पक्की

## निगम द्वारा 63 लाख की लागत से बनवायी जाएगी आरएमसी की सड़क

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत : शनिवार को** सांसद रमेश कौशिक,मेयर निखिल मदान और स्थानीय पार्षद सुरेंद्र मदान ने वार्ड 3 सेक्टर 14 के एम जी मॉल से लेकर जानकीदास स्कूल की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क के आरएमसी (फ्टउ) सीमेंटेड कंक्रीट से पक्के होने के कार्य का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। नगर निगम द्वारा इस सड़क को 63 लाख ? की लागत से बनवाया जा रहा है।
सांसद रमेश कौशिक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया की सोनीपत शहर की सभी मुख्य



सड़कों को अगले तीन माह में पूरी तरह से दुरुस्त कर दिया जायेगा ,इस बाबत उन्होंने पी डब्ल्यू डी और नगर निगम अधिकारियों को आदेश दिए हैं। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में सड़कों और गलियों को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है।
इसी कड़ी में आज सेक्टर 14 की सड़क को आर एम सी से पक्के किये जाने का कार्य शुरू किया गया है। इसके साथ ही सड़कों की गुणवत्ता बनाये रखने को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को कड़े आदेश दिए है। हाल ही में सेक्टर 14 की सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता को लेकर उन्हें स्थानीय लोगों की शिकायत मिली है जिसका संज्ञान लेते हुए उन्होंने उक्त एजेंसी को किसी भी तरह का भुगतान नहीं करने के आदेश दिए हैं। मौके पर पार्षद सुरेंद्र मदान,विभोर वधवा,संदीप,प्रतीक बत्रा,गौरव बत्रा,राजकुमार शर्मा,कुलदीप वत्स,हरेंद्र राठी ,संदीप मलिक,आदि लोग मौजूद रहे।

# 5 लाख का सोलर पैनल चोरी, एक अन्य किसान की 680 फुट केबल ले गए चोर

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** शहर के निकटवर्ती गांव रघुनाथपुरा में अज्ञात चोरों ने एक ट्यूब वैल की मोटर चलाने के लिए लगाई गई 10 हॉर्स पावर की सोलर प्लेट चोरी कर ली। किसान के अनुसार इसकी कीमत करीब पांच लाख है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं एक अन्य मामले में चोर शोभापुर के एक ट्यूबवैल से 680 फुट केबल चुरा ले गए। इस बारे में भी पीड़ित किसान ने पुलिस को शिकायत दी है।
जिला महेंद्रगढ़ में पुलिस के चौकसी के बड़े-बड़े दावे धराशाई होते नजर आ रहे है। आए दिन हो रही चोरियां के कारण लोगों में दहशत है। चोर अब घरों के साथ खेतों में बने ट्यूबवैल को भी निशाना बना रहे हैं।
गांव रघुनाथपुरा में करण सिंह ने बताया कि उसका खेत नेशनल हाईवे नंबर 11 की न्यू बाईपास जलेबी चौक के पास स्थित है । जहां उसने 10 हॉर्स पावर मोटर के लिए सोलर पैनल लगाया हुआ था । किसान ने बताया कि इस सोलर पैनल की कीमत करीब 5 लाख है । यह उसने सरकार के अनुदान पर लिया था। गत रात्रि इस सोलर पैनल को अज्ञात चोर चुरा ले गए इससे उसके लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 30 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# 'उप्र में अब बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी'

## निकाय चुनाव को लेकर योगी की गोरखपुर, महराजंगज, देवरिया, कुशीनगर व वाराणसी में सभाएं

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर शनिवार को धुआंधार पांच जनसभाएं गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर और वाराणसी में कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों को बताया कि नगर निकाय का चुनाव विकास के दृष्टि से कितना महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी ने हर जनसभा में भाजपा सरकार के किए कार्यों के आधार पर वोट मांगा तो विपक्षियों पर प्रहार भी किया। उन्होंने बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी की भी बात कही। योगी ने अपील की कि चार मई को हर हाल में वोट अवश्य दें और सही लोगों को जिताकर भाजपा का बोर्ड बनाकर विकास की गति दें।

उन्होंने कहा कि कुशीनगर में कभी बीमारी और भूखमरी से मौतें होती थीं पर आज यह जनपद नई आभा के साथ निखर रहा है। योगी ने देवरिया का अस्तित्व पुनः लौटाने का वायदा किया और वाराणसी में कहा कि काशी आने पर मुझे गर्व होता है। मैंने सर्वाधिक यात्रा यहीं की की।




**उप्र में बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटीः** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और गोरखपुर नई आभा के साथ तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। पूर्व में यहां गुंडा टैक्स एवं रंगदारी वसूली जाती थी। गरीबों की सम्पत्तियों, व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर गुंडे, माफिया, सत्ताधारी दल के लोग कब्जा कर लेते थे, जबकि आज यूपी इस अराजकता से मुक्त हो चुका है। व्यापार-उद्योग के क्षेत्र में रिफॉर्म के अनेक कार्य हुए हैं। आज वैश्विक बाजार पूरी तरह भारत के लिए खुला हुआ है। इन सबका सकारात्मक प्रभाव प्रति व्यक्ति आय और जीवन स्तर पर पड़ा है। भाजपा सरकार में वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए स्मार्ट एवं सेफ सिटी के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के 10 शहरों का चयन किया तो गोरखपुर समेत 7 अन्य का चयन राज्य सरकार ने स्टेट मिशन के अंतर्गत किया। यहां 40 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है। जल्द ही हम मेट्रो की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

जहां आवश्यकता होगी, वहां रोपवे की भी सुविधा देंगे। सीएम ने व्यापारियों की चुटकी ली और कहा कि 4 मई को नेपाल जाने की भूल मत करिएगा। उन्होंने कहा कि पहले एक घंटे की बारिश में गीता प्रेस, साहबगंज जैसे इलाकों में तीन फुट पानी जमा हो जाता था। लगातार 48 घंटे बारिश के बावजूद जलभराव नहीं हुआ। जलभराव के स्थायी समाधान के लिए ही गोड़धोइया नाला परियोजना पर काम शुरू किया गया है।

**आज व्यापारी सीना तानकर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर :** महराजगंज में योगी ने कहा कि पहले माफिया सीना तानकर चलता था और व्यापारी झुक कर। आज व्यापारी सीना तानकर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर, गले में तख्ती लटकाकर, जान की भीख मांगता है। सरकार बदलने पर कैसे परिवर्तन होता है, ये आज हर कोई महसूस कर सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव का महत्व क्या है, ये आप सभी को समझने की जरूरत है।

गलत लोग आ जाएंगे तो जनता का नुकसान होगा। ऐसी गलती करने की जरूरत नहीं है। हम लोग अपने नगर निकायों और ग्राम पंचायतों को ऐसा बनाना चाहते हैं, जहां से उसके ज्यादातर काम ऑनलाइन हो जाएं और आपको प्रमाणपत्रों के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े।

### भाजपा सरकार में सभी तबकों को मिल रहा योजनाओं का लाभः कौशल

**लखनऊ।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में समाज के सभी तबकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए एक ही विकल्प है कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार बने। कौशल किशोर ने भारतीय जनता पार्टी की महापौर उम्मीदवार सुषमा खर्कवाल व विद्यावती द्वितीय वार्ड में भाजपा पार्षद उम्मीदवार कौशलेंद्र दिवेदी व शारदा नगर प्रथम वार्ड के पार्षद उम्मीदवार हिमांशु अंबेडकर को वोट देने की अपील की। कौशल किशोर ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार समाज के अंतिम पायदान में बैठे व्यक्ति की चिंता करती है।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में भाजपा नेता जागेश्वर की मौत

**अररिया।** अररिया- फारबिसगंज के बीच फोरलेन पर बारा ओवर ब्रिज के समीप शनिवार के दोपहर बाद हुई सड़क हादसे में बाइक सवार भाजपा नेता जागेश्वर ठाकुर(75) की मौत हो गई। मृतक पलासी प्रखंड के बलुआ ड्योड़ी का रहने वाला था और जनसंघ काल से ही भाजपा से जुड़े थे।भाजपा के जिला और प्रदेश स्तरीय कमिटी में भी रह चुके थे। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुमार विकास ने बताया कि मानिकपुर बारा के समीप एक बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान बाइक में पीछे बैठे वृद्ध जागेश्वर ठाकुर की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वही बाइक चालक जख्मी हो गया। मौके पर पहुंची सिमराहा थाना पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया भेज दिया।

### पेंसिल के बेकार छिलकों से बच्चों ने बनाई मनमोहक कलाकृतियां

**नवादा।** मॉडर्न स्कूल ग्रुप के तीसरी कक्षा के सैकड़ों नन्हें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं रचनात्मक गतिविधियों से बेकार एवं रद्दी वस्तुओं की सहायता से रंग-बिरंगी, सुंदर एवं मनमोहक कलाकृतियों का निर्माण कर बेकार वस्तुओं के सदुपयोग के गुण सिखाएं। बच्चों ने पेंसिल को छीलने से निकलने वाले बेकार छिलकों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के आकर्षक कलाकृतियों का निर्माण करके अपनी रचनात्मकता से सभी को अभिभूत कर दिया। इस गतिविधि को मॉडर्न इंगलिश स्कूल, बिहारशरीफ की हिंदी शिक्षिका प्रियंका प्रसाद के दिशा निर्देशन में विद्यालय की सभी शाखाओं के कला-शिक्षकों एवं तीसरी कक्षा के वर्गशिक्षक की सहायता से आयोजित किया गया। गतिविधि में भाग लेने वाले तीसरी कक्षा के बच्चों एवं उनकी शिक्षिकाओं के इस बेहतरीन प्रयास की सराहना करते हुए मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज कुमार ने शनिवार को कहा कि ऐसे क्रियाकलाप बच्चों में ना सिर्फ रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं बल्कि इसके साथ ही साथ उनके अंदर एकाग्रता एवं सौंदर्यबोध की क्षमता भी उत्पन्न करते हैं। ऐसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के अंदर चीजों के सदुपयोग की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। बच्चे ना केवल अपने वस्तुओं को संयोजन एवं सवारने की कला सीखते हैं, बल्कि अपनी चीजों को बेकार फेंक देने के बजाए आसपास के वातावरण में बिखरे व्यर्थ की चीजों के माध्यम से कुछ नया बनाने के लिए भी प्रेरित होते रहेंगे। इससे उनके भविष्य को सकारात्मक दिशा प्राप्त होगी। बच्चों के द्वारा बनाए गए फल-फूल, गमले, मछली, पौधे, गुलदस्ते आदि एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक कलाकृतियों को देखकर विद्यालयों के सीनियर विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं कई अभिभावकों ने खुले दिल से प्रशंसा की और इतनी कम उम्र में बच्चों के द्वारा ऐसी रचनात्मक कलाकारी को देखकर सभी ने आश्चर्य प्रकट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक कामना की। कबाड़ से जुगाड़ गतिविधि को सफल बनाने में मॉडर्न ग्रुप के शिक्षक-शिक्षकाओं जयराम कुमार, पंकज पांडे, सुमित्रा शुभा, संतोष कुमार, शुभलता, पायल कुमारी, पूनम कुमारी, कृपा, प्रियंका, मनीषा, लकी, मानसी एवं शिवकिंकर मिश्रा आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने को आज भी खुलेंगे विद्यालय'




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

प्रदेश में प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने को 30 अप्रैल (रविवार) को भी विद्यालय खुलें रहेंगे। विद्यालय स्तर पर प्रसारित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने को कहा गया है। 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड रविवार को प्रातः 11 बजे ऑल इंडिया रेडियो, डीडी नेशनल और डीडी न्यूज आदि से प्रसारित किया जाना है। राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की ओर से बच्चों,अभिभावकों,अध्यापकों और विद्यालयों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, इसलिए कार्यक्रम का प्रसारण सभी हितधारकों जिसमें बच्चे महत्वपूर्ण और उपयोगी है। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके और शिक्षक व छात्र-छात्राएं कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें। इसके लिए शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है। इसको ध्यान में रखते हुए 30 अप्रैल को समस्त विद्यालय संचालित रहेंगे। सभी छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम को दिखाया जायेगा। बंशीधर तिवारी ने कहा कि 'मन की बात'कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर प्रसारित करने के लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं टेलीविजन, एलईडी, रेडियो, वर्चुअल क्लास, स्मार्ट कक्षा, कम्प्यूटर, लैपटॉप करने को कहा है। यदि उल्लिखित संसाधनों की व्यवस्था नहीं हो सकती है तो मोबाइल के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को 'मन की बात' कार्यक्रम से जोड़ने को कहा गया है।



कर्नाटक विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ती जा रही है। सभी पार्टियों के नेता इन अंतिम दिनों में जमकर प्रचार कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने भी 10 मई को होने वाले चुनाव की तैयारियां कर ली हैं। इस चुनाव में कई खास चीजें होंगी। जैसे- बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से वोट डालने के लिए एक नई पहल 'वोट फ्रॉम होम' की सुविधा होगी।

## जरूर सुनें प्रधानमंत्री के 'मन की बात': योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की जनता से अपील की है कि रविवार को दिन में 11 बजे प्रसारित होने जा रहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी लोग अवश्य सुनें। योगी ने अपने ट्विटर हैंडल से इस बारे में सूचना देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात जन-गण के मन तक पहुंचती है। योगी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्कृति को समृद्ध करते, सभी को प्रेरणा प्रदान करते और आमजन के मन को एकात्मता के भाव से जोड़ते इस कार्यक्रम में 'मन की बात' की बात होती है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेक नवाचारों, विभिन्न सामाजिक सरोकारों एवं विविध मुहिमों को सशक्त मंच प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि कल सभी लोग प्रधानमंत्री की 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को अवश्य सुनें और भारत के मन से जुड़ें। वैसे मुख्यमंत्री योगी स्वयं रविवार को कर्नाटक के चुनावी दौरे पर होंगे। वह वहां कोप्पल जिले की गंगावती विधानसभा में पब्लिक मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे।

## 'विश्व की अनोखी घटना है प्रधानमंत्री का जनता के साथ सीधा संवाद'

**बेगूसरायः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 100वें संस्करण पर बेगूसराय जिले के करीब आठ सौ स्थानों पर इसका आयोजन किया जा रहा है। सभी स्थलों पर सौ-सौ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के आधार पर बड़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात का देश के लोगों पर व्यापक असर है।

# 'ऐतिहासिक होगा 'मन की बात' का 100वां एपिसोड'

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

**हरिद्वार सांसद** डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। रविवार को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जनपद के प्रत्येक बूथ पर 100 लोग प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेंगे। 'मन की बात' का सौ वां एपिसोड ऐतिहासिक होगा। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डा.निशंक ने बताया कि ऋषिकुल ऑडिटोरियम में भी 'मन की बात' कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें कई संत मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री है, जो




मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से 100 करोड़ लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर रहे है। 'मन की बात' एक सामाजिक कार्यक्रम है, जो देश जोड़ने और मजबूत करने का माध्यम बन रहा है। 'मन की बात' के जरिए प्रधानमंत्री देश के अंतिम व्यक्ति से संवाद करते हैं। कुछ संतों के हरिद्वार से संत को लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाए जाने की मांग करने पर डा.निशंक ने कहा कि संतों का आशीर्वाद उनके साथ भी है।

## साधा निशाना

### गरीबों को आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन मिला हैः उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

# 'जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलाने का काम किया उनकी जमानत जब्त कराएं'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को मणिरामदास छावनी के सभागार में आयोजित प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान सपाईयों का नारा था कि खाली प्लाट हमारा है। माफिया उस काल में गाड़ियों के काफिले के साथ दस- दस बंदूकें लेकर चलते थे। सपा ने अपने शासन काल में प्रदेश को दंगे की आग में झोंकने का कार्य किया था। उस समय एक हजार से अधिक दंगे हुए। आज अपराधी तख्ती



लगाकर घूम रहे है कि हमको गिरफ्तार कर लो, हम गुण्डागर्दी नहीं करेंगे। ब्रजेश पाठक ने कहा कि वह लोग भी चुनाव मैदान में हैं। अयोध्या में जिन लोगों ने कारसेवकों पर गोली चलाने का काम किया था। आज जनता उनकी जमानत जब्त कराने का काम करेगी। सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच को जमीन पर उतारने का काम किया है। आज हर घर को पानी मिल रहा है। गरीबों को आवास, शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन मिला है।यूपी के सभी जनपदों को 24 घंटे बिजली मिल रही है।

इस अवसर पर अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि परियोजनाओं की श्रंखलाओं के माध्यम से केन्द्र प्रदेश सरकार रामनगरी अयोध्या का विकास कर रही है। योजनाओं लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिला है।

जिससे आम जनता में उत्साह का माहौल है। समारोह में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा इस चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है।

जय श्री श्याम      जय श्री श्याम



श्री राम मन्दिर

प्रबंध समिति : श्री राम नाटक संकीर्तन मण्डल (रजि.)

गली नं.7 मजलिस पार्क, दिल्ली-33

श्री खाटू वाले श्याम जी की मूर्ति स्थापना

सोमवार 1 मई 2023 भण्डारा दोपहर 12 बजे

पूजन, हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा प्रातः 9 बजे

संकीर्तन प्रातः 10 बजे जोगेन्द्र चंचल एण्ड पार्टी द्वारा

सौजन्य से : श्री अनिल गर्ग जी परिवार

नगर भ्रमण निशान यात्रा रविवार 30 अप्रैल 2023 सायं 5 बजे

महिला एवं पुरुष सकीर्तन मंडल द्वारा

मूर्ति स्थापना एवं भण्डारा सेवा:
श्री सुधीर अग्रवाल जी परिवार,
श्री मोहित जिन्दल जी सुपुत्र श्रीमती सुमित्रा जिन्दल जी परिवार
श्री दर्पण गुप्ता जी परिवार
श्री श्याम परिवार कल्याण मजलिस पार्क

छप्पन भोग सेवा: श्री अवधेश गुप्ता जी परिवार

प्रसाद सेवा:
श्री सागर नागपाल जी सुपुत्र श्री विनोद नागपाल जी
श्री रोहित त्यागी जी सुपुत्र श्री सुरेन्द्र त्यागी जी,
श्री विकास चौधरी जी, श्री मोहित कुमार जी सुपुत्र डॉ.जी.एस.कुमार जी

जो भी सदस्य एवं भक्तजन निशान यात्रा में निशान उठाना चाहते है वो 51/- रु. देकर 30 अप्रैल 2023 तक मन्दिर में पण्डित जी से या नीचे लिखे पदाधिकारियों से निशान के लिए कूपन ले सकते हैं।

आप सभी इष्ट मित्रों एवं परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं।

सम्पर्क सूत्र :
नरेश टण्डन — प्रधान 9891406085
सुनील खन्ना — महासचिव 9350073195
सुधीर अग्रवाल — कोषाध्यक्ष 9811064583